कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 323 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    गुरूवार 18 नवम्बर 2021    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

### ट्रांसजेंडर सोनम को योगी सरकार में मिला राज्यमंत्री का दर्जा, अखिलेश यादव को दिया श्राप

**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव से पहले यूपी में दिनपर दिन कई बदलाव होते दिख रहे हैं। बुधवार को यूपी में ट्रांसजेंडर की नेता सोनूम को यूपी ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड का उपाध्यक्ष चुना गया है। साथ ही सोनूम को यूपी में राज्यमंत्री का दर्जा मिला है। राज्यमंत्री का दर्जा मिलने के बाद सोनूम ने भाजपा को फिर से सत्ता में लौटने का दावा किया है। ट्रांसजेंडर नेता सोनम ने दावा किया है कि एक बार फिर यूपी की सत्ता में भाजपा वापसी करेगी। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। इतना ही नहीं उन्होंने बातचीत के दौरान अखिलेश यादव को श्राप तक दे डाला। सोनम ने कहा, अखिलेश को उनका श्राप है और वो अपने जीवन में कभी भी सत्ता में नहीं आएंगे। ट्रांसजेंडर की नेता सोनम ने कुछ महीने पहले भी अखिलेश यादव और शिवपाल यादव पर जमकर निशाना साधा था। सोनम ने अखिलेश और शिवपाल की फूट को घातक बताया था।

### कश्मीर में ऑल आउट होंगे आतंकी!

# कुलगाम में महज 1 घंटे में ढेर कर दिए 5 दहशतगर्द

**श्रीनगर, एजेंसी)।** कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। महज एक घंटे के भीतर ही बुधवार को सुरक्षा बलों ने दो मुठभेड़ों में 5 आतंकियों को मार गिराया है। कश्मीर के आईजी विजय कुमार ने बताया कि सुरक्षा बलों ने पोमबई और गोपालपुरा गांवों में मुठभेड़ में इन आतंकियों को ढेर किया है। फिलहाल दोनों ही जगहों पर मुठभेड़ जारी है और सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर रखी है। यही नहीं पुलवामा में पुलिस और सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये आतंकी हमले की फिराक में थे। ऐसे में इनकी गिरफ्तारी से सुरक्षा



बलों ने बड़े खतरे को टालने का काम किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकियों की पहचान आमिर बशीर और मुख्तार भट के तौर पर हुई है। नाके पर चेकिंग के दौरान इन्हें गिरफ्तार किया गया है। इनके पास आईईडी बरामद किए गए हैं। फिलहाल दोनों की जांच की जा रही है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर में कुलगाम के पोम्बे इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष सूचना मिलने पर घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों के दल पर गोलीबारी किये जाने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। वहीं, जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को आतंकवादियों द्वारा किए ग्रेनेड हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो कर्मी और एक आम नागरिक घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, आतंकवादियों ने उत्तर कश्मीरी जिले के पट्टन इलाके के पलहल्लन चौक के पास पूर्वाह्न सवा 11 बजे ग्रेनेड हमला किया।

## घटिया आदमी का सॉफ्ट आतंकवाद वीर दास पर बोलीं कंगना रनौत, कड़े ऐक्शन की उठाई मांग

**नईदिल्ली।** भारत में औरतों की दिन में पूजा और रात में गैंगरेप वाले कॉमेडियन वीर दास के बयान पर एक्ट्रेस कंगना रनौत ने भी टिप्पणी की है। वीर दास के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कंगना रनौत ने उनकी टिप्पणी को सॉफ्ट आतंकवाद करार दिया है।

कंगना रनौत ने लिखा, यह एक ऐसे घटिया भारतीय आदमी का उदाहरण है, जो किसी भी चीज में अच्छा नहीं है। इसलिए वह अपने ही जैसे लोगों के बीच इस घटियापन को बेच देता है। इसके साथ ही कंगना रनौत ने वीर दास के खिलाफ ऐक्शन लिए जाने की भी मांग की है। कंगना रनौत अकसर सामाजिक मुद्दों को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी मुखर राय के लिए जानी जाती हैं।

कंगना रनौत ने लिखा, जब आप सभी भारतीय पुरुषों को गैंगरेपिस्ट के तौर पर जनरलाइज करते हैं तो इससे आप नस्लवाद को बढ़ावा देते हैं और दुनिया भर में भारतीयों का अपमान करते हैं। पूरी नस्ल को इस तरह से टारगेट



करने का क्रिएटिव वर्क एक तरह से सॉफ्ट आतंकवाद है। ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ा ऐक्शन लिया जाना चाहिए। सोमवार को ही वीर दास ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक कविता आई कम फ्रॉम टू इंडियाज का वीडियो शेयर किया था। इसमें उन्होंने भारत के दोगला होने की बात कही थी। यही नहीं दोहरेपन का आरोप लगाते हुए वीर दास ने कहा था कि भारत में दिन में लोग औरतों की पूजा करते हैं और रात में गैंगरेप करते हैं।

अमेरिका के जॉन एफ. केनेडी सेंटर में इस तरह की कविता पढ़े जाने को लेकर वीर दास निशाने पर हैं और उनके खिलाफ देश में अलग-अलग स्थानों पर केस भी दर्ज कराए गए हैं। इसके बाद वीर दास ने सफाई भी पेश की है। उन्होंने सफाई में बयान देते हुए ट्वीट किया, मैंने यूट्यूब पर जो वीडियो शेयर किया था, उसे लेकर काफी रिएक्शन देखने को मिल रहा है। वह वीडियो एक सटायर था और देश में लोगों के दोहरेपन की बात थी, जो अलग-अलग चीजें करते हैं। किसी भी देश में अच्छी और गलत दोनों ही बातें होती हैं। यह कोई सीक्रेट नहीं है।

## बिहार में कोरोना से जान गंवाने वाले प्राइवेट डॉक्टरों के परिजनों को भी मिलेगा 50 लाख

**पटना।** बिहार में सरकारी डॉक्टरों की तरह अब निजी डॉक्टरों के परिजनों को भी कोरोना से मौत पर 50 लाख रुपए की बीमा राशि दी जाएगी। यह धनराशि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के तहत दी जाएगी। बिहार मानवाधिकार आयोग ने इसके लिए आदेश जारी कर दिया है। आईएमए बिहार सरकारी डॉक्टरों की तरह प्राइवेट डॉक्टरों को 50 लाख



दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रहा था। आईएमए के अनुसार बिहार में 80 निजी डॉक्टरों की कोरोना से मौत हुई है। बिहार मानवाधिकार आयोग ने आईएमए बिहार शाखा को पत्र जारी कर निजी डॉक्टरों की मौत पर 50 लाख रुपए देने की जानकारी दी है। आईएमए का कहना है कि बिहार मानवाधिकार आयोग ने कोविड से हुई डॉक्टरों की मौत के मामले को गंभीरता से लिया है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विनोद कुमार सिन्हा ने आदेश पारित किया है कि कोविड 19 में लगे कोरोना से मरने वाले निजी चिकित्सा संस्थानों के डॉक्टर व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को भी प्रधान मंत्री गरीब कल्याण पैकेज के अंतर्गत 50 लाख की बीमा राशि का भुगतान बीमा कम्पनी द्वारा किया जाएगा। आईएमए के राष्ट्रीय निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार व सचिव डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि पटना सिविल सर्जन के पत्रांक संख्या 2806 से एक अप्रैल 2020 के अनुसार सभी प्राइवेट अस्पतालों एवं क्लीनिक को कोविड 19 काल में वाह्य एवं आकस्मिक सेवाओं के लिए खुला रखने का आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद अधिक संख्या में निजी चिकित्सकों के आश्रितों को 50 लाख की बीमा राशि का लाभ अब तक भुगतान नहीं किया गया है।

### अयोध्या से बनेगा चुनावी माहौल

## रामनगरी को मॉडल के तौर पर पेश करेगी भाजपा



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार अगले साल फरवरी-मार्च में उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटी है। भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकताओं की सूची में अयोध्या सबसे ऊपर होगी। दिसंबर में, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ कुछ परियोजनाओं को समर्पित करते हुए इस शहर में लंबित परियोजनाओं की आधारशिला रख सकते हैं। अयोध्या प्रशासन के अनुसार, रानी हियो ह्वांग-ओके मेमोरियल पार्क और राम कथा पार्क में एक डिजिटल संग्रहालय लगभग पूरा हो गया है। अयोध्या का रेलवे स्टेशन भी पूरी तरह से मेकओवर के दौर से गुजर रहा है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत अयोध्या में 27 सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। 197 किमी की कुल लंबाई वाली सड़कों के लिए, नरेंद्र मोदी सरकार ने 132.78 करोड़ मंजूर किए हैं। योगी आदित्यनाथ द्वारा परियोजना की आधारशिला रखने के बाद अगले महीने इन सड़कों पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

अयोध्या विकास प्राधिकरण भी अगले महीने के अंत तक इस शहर के लिए एक मास्टर प्लान को अंतिम रूप देने की संभावना है। अयोध्या (सदर) निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा, ह्वमुख्यमंत्री के अगले महीने कुछ परियोजनाओं जो पूरी हो चुकी हैं का उद्घाटन करने के लिए अयोध्या जाने की संभावना है। वह कुछ परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। मार्च 2017 में सत्ता में आने के बाद से राज्य में भाजपा सरकार के पहले दिन से ही अयोध्या आदित्यनाथ की सरकार का केंद्र बिंदु बना रहा। आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बनने के बाद से नियमित रूप से इस शहर में आते रहे हैं।

### सीएम योगी की पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के नौ जिलों से 164 सीटों पर निगाहें

**लखनऊ।** पूरब से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री देने वाली भाजपा ने पहले देश और फिर प्रदेश की सत्ता हासिल की थी। अब 2022 के चुनाव में भाजपा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के जरिए अपना असर बढ़ाना चाहती है। दरअसल यूपी के सिंहासन तक पहुंचने का रास्ता पूर्वांचल से ही होकर जाता है। पिछले तीन चुनावों से प्रदेश में बन रहीं पूर्ण बहुमत की सरकारें इसकी गवाह हैं। पहले बसपा, सपा और फिर भाजपा ने इसी रास्ते से सत्ता के ताले की चाबी हासिल की थी। यही कारण है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के खुलने के साथ पूरब का सियासी घमासान भी रफ्तार पकड़ चुका है।

## भारत के दबाव के आगे झुका पाकिस्तान, कुलभूषण जाधव को मिला अपील का अधिकार

**नईदिल्ली।** कुलभूषण जाधव को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के निर्णय के अनुसार अपील करने का अधिकार मिला था। पाकिस्तान इसपर लगातार अड़ंगा लगा रहा था। अब पड़ोसी देश ने इस मामले पर यू-टर्न लिया है। संसद की संयुक्त बैठक में एक विधेयक पारित किया है, जिसके अनुसार जाधव को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के निर्णय के अनुसार अपील करने का अधिकार मिलेगा। भारत इसको लेकर लगातार दबाव बना रहा था। आपको बता दें कि पाकिस्तान की एक अदालत ने कुलभूषण जाधव को मौत की सजा सुना चुकी। उन्हें ऊपरी अदालत में फैसले को चुनौती देने से वंचित रखा जा रहा था, जिसका कि भारत लगातार विरोध कर रहा था। भारतीय नौसेना के 51 साल के रिटायर्ड अधिकारी जाधव को अप्रैल 2017 में जासूसी और आतंकवाद के आरोप में एक पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। भारत ने जाधव को कांसुलर एक्सेस से पाकिस्तान के इनकार करने और मौत की सजा को चुनौती देते हुए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (क्ळख) का दरवाजा खटखटाया था। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद क्ळख ने जुलाई 2019 में एक फैसला दिया। हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय अदालत ने जुलाई 2019 में दिए फैसले में कहा कि पाकिस्तान जाधव को दोषी ठहराने और सजा देने के फैसले की प्रभावी तरीके से समीक्षा करे और पुनर्विचार करे। इसके साथ ही अदालत ने भारत को बिना देरी जाधव तक राजनयिक पहुंच देने का आदेश दिया।



## आगरा में मायावती ने नौ सीटों में से चार पर बसपा के प्रत्याशी घोषित किए

**आगरा।** बसपा ने मंगलवार को कार्यकर्ता सम्मेलन में डॉ. भारतेंद्र अरुण को प्रत्याशी घोषित किया है। जिले की नौ सीटों में से चार पर पार्टी अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुनकाद अली ने कहा कि बसपा सर्वसमाज की पार्टी है। इसमें सभी जाति व धर्मों का सम्मान है। पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि भाजपा में महंगाई अपने चरम पर है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। थानों में गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही है। बसपा की सरकार बनने पर सबको राहत दिलाई जाएगी। आगरा मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी गोरेलाल ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर सभी वर्गों के लोगों को प्रत्याशी बनाया जा रहा है। पार्टी के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हो रही है। प्रदेश की कानून व्यवस्था, शिक्षा, चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह से



ध्वस्त हो चुकी है। विकास के नाम पर केवल ढोल बजाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से इस बार मायावती को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की।

### बसपा ने दो और प्रत्याशियों को दिया टिकट, मायावती खेल रहीं ब्राह्मण कार्ड

**कानपुर।** बसपा ने कानपुर देहात की दो विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की दी है। रनियां से विनोद पाल मैदान में उतरेंगे तो भोगनीपुर से ब्राह्मण पर दांव लगाया है। यहां से संतोष त्रिपाठी उम्मीदवार होंगे। बारा में कार्यकर्ता सम्मेलन में 22 नवंबर को प्रत्याशी का अधिकृत एलान कर दिया जाएगा। रसूलाबाद सुरक्षित सीट से प्रत्याशी तय कर लिया है। यहां रिटायर दरोगा के बेटे के नाम पर नेतृत्व रजामंद हुआ है। इसका भी पखवारे भीतर ऐलान हो जाएगा। जोनल कोऑर्डिनेटर नौशाद अली के नेतृत्व में कन्नौज में हुई बैठक में मंडल की सीटों पर जीत दर्ज करने की रणनीति बनी।

### राहुल गांधी के हिंदूवाद पर चौतरफा घिरी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने ₹हिंदुत्व और हिंदूवाद के बहस को स्पष्ट करने की कोशिश की है। इसके लिए उन्होंने ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी को अपनी मूल विचारधारा के साथ रहना चाहिए। हालांकि, इस क्रम में उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम नहीं लिया। हालांकि वह उनके तर्कों से असहमत जरूर दिखे। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने हिंदू धर्म के इर्द-गिर्द होने वाली बहस पर एक के बाद एक कई ट्वीट किए। उन्होंने कहा, ₹मैं इस हिंदू धर्म और कांग्रेस में हिंदुत्व की बहस से स्पष्ट रूप से भ्रमित हूं। अगर मैं अपनी राजनीति को हिंदू धर्म या हिंदुत्व पर आधारित करना चाहता हूं, तो मुझे हिंदू महासभा में होना चाहिए। अगर मैं इसे इस्लाम पर आधारित करना चाहता हूं, तो मुझे जमात-ए-इस्लामी में होना चाहिए। मुझे आईएनसी इंडिया में क्यों होना चाहिए

### गाजीपुर पहुंचे अखिलेश ने सीएम योगी पर कसा तंज, बोले-

## नाम बदलने वाली सरकार को बदलने जा रही जनता

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गाजीपुर पहुंचे।

गाजीपुर में अखिलेश ने सीएम योगी पर तंज कसते हुए कहा कि वे हर चीज का नाम बदल देते हैं लेकिन इस बार यूपी की जनता नाम बदलने वाली सरकार को बदल देगी। अखिलेश ने प्रदेश सरकार पर पिछले साढ़े चार साल में कोई काम न करने का आरोप लगाया। गाजीपुर के मोहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र से विजय रथ यात्रा का शुभारंभ करते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने आज एक भी काम नहीं किया। ये शिलान्यास का शिलान्यास कर रहे है। भाजपा सरकार ने जनता को धोखा दिया है। यह नाम बदलनेवाली सरकार है। जनता



अब इसे बदलने जा रही है। उन्होंने एक्सप्रेस वे के बिहार ले जाने। सस्ती बिजली और रोजगार देने का जनता से वादा किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने जबतक भाजपा की विदाई नहीं, तबतक ढिलाई नहीं का नारा दिया। उन्होंने कहा कि जनता अब भाजपा सरकार से ऊब चुकी है। इस विधानसभा चुनाव में सभी वर्ग मिलकर भाजपा को सत्ता से उतार देंग। इस मौके पर रथ पर अखिलेश यादव के साथ पार्टी के कई बड़े चेहरे मौजूद रहे।

अखिलेश के साथ रथ पर सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और मुख्तार अंसारी के भाई सिगबतुल्लाह भी दिखे। रथ यात्रा में अखिलेश के साथ ओमप्रकाश राजभर पहली बार शामिल हुए। गौरतलब है कि हाल ही में उनके दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का सपा के साथ गठबंधन हुआ है।

इसके पहले उन्होंने अखिलेश के साथ मऊ में 27 अक्तूबर को जनसभा की थी। ओमप्रकाश गाजीपुर से लखनऊ तक यात्रा में रहेंगे। बताते चलें कि अखिलेश यादव की रथयात्रा का गाजीपुर में कल ही कार्यक्रम था लेकिन पीएम नरेन्द्र मोदी के हाथों पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के कारण मंगलवार को इसकी इजाजत नहीं मिली थी। इसके बाद कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था। समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने कल पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर साइकिल चलाई और गिरफ्तारी दी थी।

## खबर संक्षेप

### पीजीएटी-2 के दस विषयों का परिणाम जारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं संबद्ध कॉलेजों में दाखिले के लिए बुधवार को पीजीएटी-2 के तहत दस विषयों का परिणाम जारी कर दिया गया है। छात्र इविवि की अधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. आईआर सिद्दीकी और प्रो. आशीष सक्सेना की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक एमए इन मास कम्युनिकेशन में गौरव मौर्या 225 अंक साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, पारूल श्रीवास्तव द्वितीय एवं अभिषेक कुमार दुबे तृतीय स्थान पर रहे। एमए इन फिल्म थियेटर में शताक्षी पांडेय 206 अंक के साथ टॉप किया। वहीं, मो.वसीम द्वितीय एवं सुयंश सक्सेना तृतीय स्थान हासिल किया है। एमएससी इन एग्रीकल्चर साइंस में विवेक सिंह 163.40 अंकों के साथ टॉपर हैं। वहीं, धीरेंद्र कुमार यादव द्वितीय एवं अश्वनी अग्रहरी तीसरे स्थान पर रहे। एमएससी एग्रीकल्चर साइंस केमेस्ट्री में गोपेश यादव 238 अंकों के साथ टॉप किया।अतुल कुमार पांडेय द्वितीय, मो. शोएब तृतीय हैं। एमएससी एग्रीकल्चर साइंस जूलोजी में मनीष कुमार 182 अंकों के साथ प्रथम हैं। वहीं, अंबुज कुमार द्वितीय अजय पटेल तृतीय हैं। एमएससी इन बायो इनफार्मेटिक में 174 अंक प्राप्त कर गौरव सिंह प्रथम, प्रद्युम्न पांडेय द्वितीय एवं वालिया खान तृतीय हैं। एमएससी इन रूरल टेक्नोलॉजी में अमित दुबे 167.40 अंक प्राप्त कर टॉपर हैं। वहीं, पुनीत बाजपेई द्वितीय एवं मयंक भाष्कर तृतीय हैं।

# भारी पुलिस बल नाले को पटवाता रहा , सिंचाई विभाग गिड़गिड़ाता रहा

**अखंड भारत संदेश**

**दर्जनों जेसीबी, टैक्टर नई नाला खोद कर पुराने नाले को पाटता रहा ,**

**एसडीएम कोराव व सीओ मेजा के इसारे पर भारी पुलिस बल रही मौजूद**

**प्रकृति के साथ छेड़ छाड़ ,भारी बाढ़ आने की आशंका**

**लेडियारी।** कथित भूमाफिया और धनबल के इशारे पर स्थानीय तहसील प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पुलिस के डंडे के बल पर किया जा रहा है प्रकृति के साथ छेड़छाड़ प्राकृतिक नाला जो हजारों वर्षों से अपने भौतिक स्वरूप में बह रहा है।नाले के प्राकृतिक बहाव को प्रशासनिक सहयोग से परिवर्तित किया गया। उक्त आरोप ग्राम खपटिहा के नागरिकों द्वारा लगाया जा रहा है। थाना खीरी क्षेत्र के खटिया ग्राम सभा में बुधवार को जानकारी के अनुसार एसडीएम कोरांव अभिनव कनौजिया व उच्चाधिकारियों के मौखिक कार्यवाही के अनुसार नारीबारी कोराव मुख्य मार्ग से सटा हुआ नाले को जो कि सैकड़ों वर्षो से क्षेत्र का जल निकासी हेतु बह रहा है ।उसे भू माफियाओं द्वारा बिना किसी लिखित आदेश के पाटकर नया नाला बनाने का अवैध काम होता रहा ।जहां पर कई थानों की फोर्स, हल्का कानूनगो,लेखपाल के मौजूदगी में मौजूद रहे। ग्रामीणों द्वारा पूछे जाने पर पुलिस बल, उप जिलाधिकारी कोरांव का नाम लेते रहे। ग्रामीण संजय कुमार गुप्ता ने उक्त अवैध काले कारनामे का विरोध किया। जिसे खीरी पुलिस बर्बरता के साथ उठाकर थाने में बंद कर दिया ।उसके परिजन वही रोते बिलखते रह गए । सूंचना पर आए सिंचाई विभाग के इंजीनियर अनिल कुमार यादव ने रोकने हेतु पूरी हिम्मत जुटाई। वही कुछ ग्रामीण अनजाने में उक्त कार्यवाही को सही बताते रहे। हालांकि काफी विरोध के पश्चात नाले को पाटना बंद कर दिया गया।

### जब सिंचाई विभाग के एसडीओ नाले के पटान रोकने हेतु टैक्टर के सामने लेट गए

पहली बार जब कोई अधिकारी पूरी पुलिस फोर्स के सामने अपनी बात मनवाने हेतु ट्रैक्टर के सामने लेट गया। जिसे देख मौके पर पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। आनन-फानन में बल प्रयोग करते हुए उक्त सिंचाई विभाग के एसडीओ अनिल कुमार यादव को वहां से हटाया गया। अनिल कुमार यादव अपने कई विभागीय अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे थे। उनका कहना है कि इस तरह से नाले को पाट दिया गया तो पूरा क्षेत्र बाढ़ के चपेट में आ जाएगा ।वहीं पर मौजूद एक अधिवक्ता गण का कहना था कि जब बाढ़ आएगा उसका जिम्मेदार पूरा प्रशासन होगा।


ट्रैक्टर के सामने लेटे सिंचाई विभाग के कर्मचारी


ट्रैक्टर से पाटा जा रहा नाला

### ग्रामीणों में जब प्रशासन के प्रति फूटा आक्रोश...

उक्त अवैध नाले के कटान हेतु मौजूद ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति काफी गुस्सा देखने को मिला। जिसमें संजय कुमार गुप्ता,रामहित गुप्ता रामाधार द्विवेदी अवधेश गुप्ता हनुमान गुप्ता, रघुनाथ गुप्ता ,लक्ष्मी कांत मिश्रा ,राजेश्वरी मिश्रा समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उक्त प्रशासन का काले कारनामे को देखता रहा। वहीं दबे जुबान से विरोध करते नजर आएं।

## एसडीएम कोरांव मामले में अनभिज्ञता जताई

**खीरी।** उक्त नाले का अवैध पटान बुधवार को सुबह ९ बजे से प्रारंभ हो गया । जब भारी संख्या में लोग जुटे तो पुलिस प्रशासन किसी तरह से आम जनता को संतुष्ट नहीं कर पाई ।सिर्फ अपने बल बल का प्रयोग करते नजर आए ।लगभग 1 बजे एसडीएम कोराओं अभिनव कनौजिया मौके पर पहुंचे तब अभिनव कनौजिया मामले में किसी तरह की कागजी आदेश हेतु अनभिज्ञता जताई। सिंचाई विभाग के एसडीओ अनिल कुमार यादव ने कहा कि मामले में सीआरपीसी 133 के तहत प्रकृति के बहाव को रोकना पूरी तरह गैरकानूनी है। उक्त में काफी जद्दोजहद के पश्चात एसडीएम ने नाले का पठान रुकवा दिया। वही कुछ पुराने नाले का खुदाई भी करवाया। पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सिर्फ उच्चाधिकारियों के आदेश पर ही नाले को पाटने का काम प्रारंभ हुआ। वही उच्चाधिकारियों के आदेश पर ही नाले का पठान रोककर खुदाई का काम चालू किया गया। उक्त नाले का पठान अगर नहीं रोका गया तो बाढ़ से प्रभावित गांव में दर्जनों की संख्या में गांव प्रभावित होंगे जिसमें जोरवट ,खपटिहा, खीरी ,पूरादतू, बहराइचा, बघोल , पाठकपुर समेत कई गांव सामिल है।

## नशे में चूर युवक ने लोडेड राइफल से की फायरिंग, युवक घायल

**आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, गिरफ्तार**

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहब्बत गंज इलाके में बीती देर रात मजाक करना भारी पड़ गया और नशे में चूर आरोपी युवक ने लोडेड राइफल से गोली चला दी। जिससे एक युवक घायल हो गया। घटित वारदात होने से ग्रामीणों में भारी हड़कंप मचा रहा। हालांकि घायल को इलाज के लिए एसआरएन में दाखिल कराया गया है। वहीं तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ नैनी कोतवाली में विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस उसे गिरफ्तार कर लिए। जानकारी के मुताबिक करैली थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी तीरथ निषाद पुत्र राम जतन निषाद बीते कुछ वर्ष पूर्व मोहब्बत गंज (ठकुरी का पूरवा) में मकान बनवाकर परिवार सहित रहते हैं। तीरथ निषाद के पिता के नाम पर राइफल बंदूक थी और उनकी मौत के बाद तीरथ निषाद ने उक्त राइफल बंदूक को अपने नाम करा ली है। मंगलवार देर शाम को वह एक बर्थडे पार्टी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हुए थे। देर रात लगभग 11:30 व 12:00 बजे के बीच वह मोहब्बत गंज (ठाकुरी का पुरवा) पहुंचे और गांव में ही कुछ लोगों के साथ एक मकान के समीप बैठ गए। बताया जाता है कि तीरथ निषाद के पास मौजूद राइफल लोडेड थी। तभी उसी गांव का रहने वाले धर्मेंद्र निषाद पुत्र ज्ञान चंद्र निषाद नशे में चूर होकर राइफल उठा लिया और मजाक करने लगा। नशे में चूर युवक का मजाक इतना भारी पड़ा कि वह लोडेड राइफल को लेकर इधर-उधर घुमाने लगा। जब तक मौजूद लोग उसके हाथ से असलहा ले पाते, उसने राइफल से फायरिंग कर दिया। जिससे कुलदीप निषाद (२१) पुत्र शिव मूरत निषाद के पेट में लग गई और वह खून से लथपथ होकर वहीं जमीन पर गिर पड़ा। जिससे वहां पर भारी हड़कंप मच गया और कई लोग तो मौके से ही फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को राइफल के साथ गिरफ्तार कर नैनी कोतवाली उठा लाए। वहीं आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घायल के पिता की तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

## भूमाफिया द्वारा सरकारी नाला पर अवैध रूप से बनाए जा रहे पुलिया को एसडीएम ने रोका

**ग्राम सभा की जमीन को कब्जा करने की नियत से बनाया जा रहा था पुलिया**

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** भूमाफिया द्वारा सरकारी नाला को सकरा कर आसापास की ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा करने की नियत से अवैध रूप से पुलिया बना रहे भूमाफियों की मंशा पर एस डी एम बारा ने पानी फेर दिया। ग्रामीणों की शिकायत के बाद एसडीएम के आदेश पर राजस्व कर्मियों ने पुलिस के साथ पहुंच रोक लगा फटकार लगाई तो भूमाफिया भाग निकले।

घूरपुर क्षेत्र के सेमरा कल्बना व गौहनिया के बार्डर के बीच हाईवे से सटे सरकारी नाला को सकरा कर भूमाफिया विगत चार दिन पूर्व से अवैध पुलिया बना रहे थे। नाला सकरा करने से बारिश का पानी जमा होने से किसानो की खेतो में जहां पानी भर जाने का चिंता था तो वहीं आसापास की ग्राम सभा की जमीन पर भूमाफियों की कब्जा कर प्लाटिंग करने की नियत थी। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया तो भूमाफिया डरा धमकाकर लोगों को भगा दिया। ग्रामीणों ने एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी से शिकायत की तो मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने सम्बन्धित लेखपाल परमानंद पांडेय को रोके जाने का आदेश दिए। जिस पर बुधवार के दिन लेखपाल पुलिस लेकर अवैध पुलिया निर्माण का कार्य रोक कार्रवाई किए जाने की फटकार लगाई तो भूमाफिया उल्टे पैर भाग निकले। इस कार्रवाई से ग्रामीणों में खुशी की लहर है।


अवैध रूप से बनाए जा रहे सरकारी नाले के उपर पुलिया

## न्यूज झरोखा

### महंगाई हटाओ प्रतिज्ञा यात्रा में कांग्रेस कार्यकताओं ने गांवो में किया भ्रमण




**करछना।** करछना विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जितेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में महंगाई के खिलाफ पद यात्रा निकाली गयी। जिसमे युवाओं के साथ आसपास के लोगो का भी समर्थन मिला। और लोगो ने कहा की अब प्रदेश को कांग्रेस ही संभाल सकती है. । कांग्रेस की महागाई हटाओ प्रतिज्ञा पदयात्रा करछना विधानसभा क्षेत्र के हल्दी ब्यौहरा आदि गांवो में भ्रमण किया। युवाओं ने गर्मजोशी नारों के साथ जब से भाजपा आई है कमरतोड़ महंगाई है आदि नारे भी गांवो में बुलंद किया ।पदयात्रा में सहजादुल हक,पुलकित द्विवेदी, आयुष मिश्रा, सौरभ पांडेय,प्रियम मिश्रा, इन्द्रकांत शुक्ल, सुल्तान शेख, आलोक मिश्रा, शिवम मिश्रा, आदेश मिश्रा, अभिषेक तिवारी, अम्बुज ओझा, गौरव चौबे, उज्जवल केशरवानी आदि थे।

### लखनऊ में आप पार्टी की रोजगार गारंटी रैली में शामिल हो आप कार्यकर्ता : नेहा सिंह



**करछना।** आम आदमी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रभारी नेहा सिंह ने करछना में आहूत बैठक बताया की 28 नवंबर को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में रोजगार गारंटी रैली का पार्टी आयोजन करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल , आप पार्टी के सांसद संजय सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली में बतायेंगें की यूपी में युआओं को बेरोजगारी की समस्या से उबारने के लिये पार्टी क्या करेगी। यूपी में रोजगार मांगने पर युवाओं को लाठियां मिल रही हैं प्रदेश में कानून का राज नहीं रहा । नेहा सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की बुआई का समय आ गया है न इन्हे खाद मिल रहा है चारों तरफ से किसान परेशान हैं महंगाई से इस प्रदेश की जनता उब गई है, पेट्रोल डीजल के नाम पर थोड़ी सी राहत देकर वाहवाही लूट रही है। 28 नवम्बर को लखनऊ चलने के लिये कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अभी से जुट जायें । इस मौके पर शेर बहादुर पटेल, अजायब लाल, सतेंद्र बीडीसी, रवि भारतीय, मौजीलाल बीडीसी, दिनेश गुप्ता, हबीब अहमद, सुनीता, गायत्री, पूनम, आदि रहे।

### वाणिज्य कर विभाग द्वारा पंजीयन कैम्प का आयोजन किया गया



**जारी।** मंगलवार को राजीव गांधी पंचायत भवन में दोपहर 3 :30 से 5:30 बजे तक वाणिज्य कर विभाग द्वारा पंजीयन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें अस्सिस्टेंट कमिश्नर रिकेश सिंह , वाणिज्य कर अधिकारी मोहम्मद जीशान द्वारा व्यपारियों को जीएसटी में पंजीयन लेने हेतु प्रेरित किया गया। स्थानीय ब्यापरियो को जीएसटी के फायदे की जानकारी दी गयी पंजीयन लेने हेतु पेपर वर्क बहुत कम हो गया है ऑनलाइन सुविधा है जिससे कार्यालय आने में समय बर्बाद नही होगा।पंजीकृत व्यक्ति का 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा रहेगा। रिटर्न्स फाइलिंग में ऑनलाइन होने के कारण आसानी होगी कैम्प में मौजूद ब्यापारी रोहन केशरवानी, बिहारी लाल जायसवाल ,सौरभ केशरवानी, विकास गुप्ता, बाबू जी , पप्पू सोनी ,बबलू वर्मा , दिलीप केशरवानी, धर्मेंद्र केशरवानी , राजन केसरवानी (राजा) आदि लोगो ने जानकारी प्राप्त किया।

### जसरा में भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



**जसरा।** विकास खंड सभागार में भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ नेता राजाबाबू पाठक ने कहा कि अब समय रहते हुए सदस्यों को जोडने की प्रक्रिया शुरू कर देना होगा।

जिलामंत्री कमलेश त्रिपाठी ने जसरा मंडल के सभी पदाधिकारियों के साथ ही बूथ अध्यक्षों से कहा कि सभी लोग अपने अपने ग्राम सभाओं में सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ल ने लोगों से सदस्यता अभियान बढ़ाने की अपील किया है। कार्यक्रम में भूपेन्द्र पाठक,सुधांशु मिश्र,राम जी त्रिपाठी,जसरा प्रधान आशीष कुमार सोनकर, अशोक तिवारी, शंकरलाल गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए किया जनसंपर्क



**जंघई।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मियांपुर खेल मैदान में 25 नवंबर को 11 बजे विशाल बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन इंजीनियर घनश्याम पांडेय द्वारा आयोजित किया गया है ।बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि अशोक गौतम मुख्य जोन कोर्डिनेटर मिजार्पुर, प्रयागराज मंडल होगें ।विशिष्ट अतिथियों में बाबूलाल भंवरा, राजू गौतम सहित तमाम नेता भी मौजूद रहेगें ।कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर पुनीत पांडेय, वार्ड नंबर एक प्रतापपुर बसपा जिला पंचायत सदस्य बृज कुमारी पांडेय, इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने अपने समर्थकों के साथ अलग अलग समूहों में प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में महरछा, चनेथू, अनुवां, चौका, जंघई, पतवां, जलालपुर, ठटा, सोरों, सिंधौरा, बरियाराम में जनसंपर्क किया और बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचने के लिए अपील किया ।इस अवसर पर बसपा विधानसभा अध्यक्ष अखिलेश गौतम, नागेंद्र प्रताप सिंह, सैयद शेख, चंदू तिवारी, डिंपी पांडेय, बच्चन मिश्रा प्रधान, पिंटू मिश्रा प्रधान, विकास यादव बीडीसी, दीपू सिंह, विवेक सिंह, निहाल पांडेय, लल्लन दुबे, रवि दुबे, दारा पाल, इश्तियाक पठान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## उधौ प्रेम जगत का सार...

# कथा के छठें दिन जुटी भक्त श्रद्धालुओं की भीड़

**अखंड भारत संदेस**





व्यास मंच पर कथा वाचक व उपस्थित भक्त

**करछना।** क्षेत्र के धरवारा गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीद्धमद्धागवत महापुराण कथा के छठें दिन बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ जुटी।व्यासपीठ पर विराजमान कथा वाचक गोपाल जी महाराज ने प्रेंम तत्व की व्याख्या करते हुए कहा कि उधौ प्रेम जगत का सार। गोपियों के अनन्य प्रेंम की माहारास लीला का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने स्वंय प्रेंम धन की प्राप्ति के साथ श्रीकृष्ण के सानिध्य में रम गई गोपिकाओं के प्रेंम रहस्य की मार्मिक कथा सुनाकर भक्तगणों को प्रेंम रस से सराबोर कर दिया।प्रेम रतन धन पाकर सभी गोपियों के भाव विभोर होने जैसी महारास की कथा के साथ-साथ कंस उद्धार,उद्धव गोपी संवाद और रूक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत करते हुए मनभावन कथा से कथा व्यास ने सभी को रसशिक्त कर दिया।उन्होने बताया कि महारास लीला का श्रवण करने और इसकी कथा सुनने से मानव मात्र में निष्ठापूर्ण प्रेम के जागृति होती है। ऐसी कथा का अमृतपान करने से मन में दुर्भावना,कपट और दूषित भाव दूर होते है और प्रेम का संचार होता है। श्रवण कर्ता मुख्य यजमान ज्ञानमति सिंह एवं संत बहादुर सिंह ने भागवत भगवान और कथा आचार्य का माल्यार्पण किया। आयोजक जीएस एकेड्मी के अध्यक्ष रावेन्द्र प्रताप सिंह और प्रबंधक विनय कुमार सिंह बिन्नू ने सभी भक्त श्रोतागणों के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया।इस मौके पर प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर के पी सिंह एडवोकेट जगदंबा प्रसाद द्विवेदी राजेश शुक्ल धनेश शुक्ल देवी प्रसाद विश्वकर्मा मंडल पांडेय दयाशंकर द्विवेदी रत्नेश तिवारी राधेश्याम निषाद बालेंद्र सिंह बबलू सिंह नागेंद्र प्रताप सिंह महेंद्र प्रताप सिंह सियाराम यादव लाल जी पटेल लालचंद केसरी मेजर ठाकुर प्रसाद सिंह हरिहर सिंह संतलाल निषाद नरेंद्र बहादुर सिंह एडवोकेट अच्छेलाल सिंह अंशुमान सिंह भोले सिंह जितेंद्र सिंह पप्पू सिंह गौरव सिंह डब्बू सिंह नीरज सिंह आशीष सिंह धीरज सिंह धर्मेंद्र सिंह टोनी सिंह रविंद्र प्रताप सिंह दीनानाथ पांडेय आदि भक्तजन मौजूद रहे।

## खाद के लिए लाठी नहीं खायेगा किसान : रेवती रमण सिंह

**18 को बारा तहसील व 20 को करछना तहसील पर धरना प्रदर्शन**



**करछना।** राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने किसान विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि किसान खाद के लिए लाठी खायें भगदड़ में कुचला जाय और रातभर आवारा जानवरों से अपनी उपज को बचाकर सरकारी क्रय केंद्र ले जाये तो वहाँ कोई ना कोई नुक्स निकाल कर वापस कर दिया जाता हैं जिससें वह मजबूर होकर अपनी उपज औवने पौवने दाम पर बिचौलियों को बेचता है।उन्होंने कहा कि किसान को उसकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिलता और वो आर्थिक दबाव में अपना जीवनयापन करता हैं।पूर्व प्रदेश प्रवक्ता विनय कुशवाहा ने कहा कि भीषण मंहगाई, बढ़ती बेरोजगारी, कुचलते किसान और निरंकुश अधिकारी व भ्रष्टचार यह हैं भाजपा का रामराज्य ।

उन्होंने कहा कि भाजपा की योगी-मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों के विरोध में सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह 18 नवंबर को बारा तहसील पर तथा 20नवंबर को दिन 11 बजे करछना तहसील धरना प्रदर्शन करेंगे।

## पार्टी को मजबूत करने की सपा ने बनाई रणनीति

**अखंड भारत सन्देश**



**सिरसा।** विधानसभा मेजा ब्लाक प्रमुख श्रीमती आरती गौतम प्रतिनिधि प्रदीप गौतम ₹पप्पू₹ के निवास औता पर मिशन 2022 चुनाव समाजवादी पार्टी सेक्टर व बूथ प्रभारियों की बैठक किया गया। उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव चंद महीने शेष रह गए है। विधान सभा मेजा में सेक्टर तथा बूथ प्रभारियों की बैठक की गई। जिसमें प्रयागराज जिला अध्यक्ष योगेश चंद्र यादव ने कहा कि मिशन 2022 फतह करने के लिए सेक्टर व बूथ प्रभारियों से कहा कि अब कड़ी मेहनत पर जोर देने की जरूरत है। मतदाता सूची को नए सिरे से देखकत मतदाता बनने से वंचित रह गए हो, उनको वोट बनवाने,विरोधियों की अफवाहें का माकूल जबाब देने पर जोर दिया। बैठक के आयोजक चेरमैन नगरपंचायत सिरसा श्याम कृष्ण सिंह (पप्पू यादव) मेजा विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बूथ प्रभारी और सेक्टर प्रभारी अपने सहयोगियों के साथ मतदाता सूची में नए और छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़वाये और साथ ही साथ बढ़वाए। बैठक में मुख्य रूप से लल्लन सिंह, योगेंद्र सिंह,मनीष मिश्रा मोनु सभासद सिरसा, एडोकेट मनीष कुमार भारतीय उपाध्यक्ष, गिरीश चन्द शर्मा सचिव,दीपू सिंह,विमल सोनकर,अंशु सिंह, हिमांशु विश्वकर्मा, संदीप पटेल,नीरज सिंह यादव,विजय राज यादव,जय शंकर भारतीय,हर्षित पांडेय, अनिल कुमार यादव,शिव कैलाश यादव, आमोद यादव,शिव मोहन यादव कार्यक्रम की समाप्ति उरूवा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रदीप गौतम ₹पप्पू₹ ने किया और ऐसे हुए लोगो को धन्यवाद दिए।

## खबर संक्षेप

### राज्य कृषि सेवा मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने सम्मिलित राज्य कृषि सेवा (मुख्य) परीक्षा 2020 की मुख्य परीक्षा 26 नवंबर से 28 नवंबर के बीच लखनऊ और प्रयागराज जनपदों में होगी। आयोग ने बुधवार को मुख्य परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। प्रथम सत्र में सुबह साढ़े नौ से दोपहर साढ़े बजे तक (केवल सामान्य हिंदी एवं निबंध विषय सुबह साढ़े नौ से सुबह साढ़े 11 बजे तक) तथा द्वितीय सत्र में दोपहर दो से पांच बजे तक सपंन्न होगी।आयोग के मुताबिक अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नंबर, नाम एवं जन्मतिथि के आधार पर प्रवेश पत्र/ उपस्थिति पत्रक तथा अनुदेश डाउनलोड करेंगे तथा उपस्थिति पत्रक में यथास्थान फोटो चस्पाकर प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंगे। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र में हस्ताक्षर एवं फोटो मुद्रित नहीं हैं, वे अपनी दो फोटो एवं आईडी प्रूफ साथ लाएंगे। यह जानकारी आयोग के सचिव जगदीश ने दीं।

# सीएम योगी मेरे छोटे भाई जैसे : उमा भारती

### उमा भारती ने कहा मुलायम के परिवार में मचा है अफरा-तफरी



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने बुधवार को प्रयागराज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव में भाजपा के आगे कोई भी दल नहीं टिकेगा। सीएम योगी को लेकर उन्होंने कहा कि वह उन्हीं के बेटर वर्जन है। वह मेरे छोटे भाई जैसे हैं। खास बात यह है कि मेरे गुरु और उनके गुरु दोनों मित्र रहे हैं। उमा भारती ने यह बातें बुधवार को प्रयागराज आगमन के दौरान संवाददाताओं से कहीं।

विपक्षी दलों पर भी उमा भारती ने तंज कसा। कहा कि मुलायम सिंह के परिवार में भी भगदड़ मची हुई है। मायावती भी कहीं दिखाई नहीं दे रही हैं। वह हमेशा आइसोलेशन में ही रहती हैं। इस बार सभी दल चुनाव के पहले ही एक्टिव हुए हैं। उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि चुनाव के लिए पहले पांच-छह वर्ष मेहनत की जाती है। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी को लेकर उमा भारती ने कहा कि चुनाव के समय जो लोग आते हैं उन्हें जनता बखूबी जानती है। चुनाव खत्म होते ही दोनों भाई बहन एक बार फिर से गायब हो जाएंगे। जनता उनके झांसे में नहीं आने वाली है। उमा भारती ने कहा कि योगी ने निर्लिप्त भाव से और संलिप्त होकर प्रदेश का विकास किया। जनता ने उन्हें एक बार फिर से जीताने के लिए पूरा मन बना लिया है। आम लोगों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसी वजह से विपक्ष के हर वार खाली जा रहे हैं। इसी वजह से केंद्र और प्रदेश में कमल खिल रहा है। उमा भारती ने कहा कि जनता अब परिवारवाद से ऊब चुकी है। इसी वजह से कांग्रेस तमाम राज्यों से जनता द्वारा उखाड़ कर फेंकी जा रही है। कांग्रेसियों को समझना होगा कि चुनाव जीतने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। धूप में पसीना बहाना होता है, यहां तक कि जेल जाने से लेकर डंडे भी खाने पड़ते है।

## मनोकामना पूर्ति शिव मंदिर में उमा भारती ने टेका मत्था



**प्रयागराज।** बहादुरगंज स्थित प्राचीन मनोकामनापूर्ति शिव मंदिर के स्वप्न में दर्शन होने पर प्रयागराज पहुंचीं पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने आज मनोकामना पूर्ति मंदिर में दर्शन किया। भगवान भोलेनाथ की आराधना की। मनोकामना पूर्ति मंदिर वही मंदिर है, जहां दर्शन के लिए जाते समय 2010 में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पर आरडीएक्स से हमला हुआ था। प्रयागराज पहुंचीं पूर्व केंद्रीय मंत्री का प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। पुर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें सपने में बहादुरगंज स्थित मनोकामना पूर्ति शिव मंदिर के दर्शन हुए थे। इसलिए आज वे मनोकामना पूर्ति मंदिर में भगवान भोले नाथ का दर्शन करने पहुंचीं हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्राचीन मनोकामना शिव पूर्ति मंदिर के नीचे भी सरस्वती हैं। प्रयागराज सरस्वती नदी पर ही बसा है। इस मनोकमना पूर्ति शिव मंदिर से मंत्री नंदी में अटूट विश्वास है। मंत्री नंदी बताते हैं कि उनके दूसरे जन्म के पीछे इसी मंदिर से उनका अटूट विश्वास ही है। उमा भारती ने बताया कि उन्होंने मंत्री नंदी को अपने सपने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुझे इस शिव मंदिर में पूजा अर्चना करना है और वे दर्शन करने पहुंच गईं। इस दौरान महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. विक्रम सिंह पटेल, नामित पार्षद अनूप मिश्रा, हर्ष केसरी, अनूप अग्रवाल, रवि शुक्ला, कमल कुमार केसरवानी लाला, भानु दुबे, विवेक साहू, अमन द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## सहायक अध्यापक पेपर आउट कराने का आरोपी वाइस प्रिंसिपल गिरफ्तार

**प्रयागराज।** जूनियर हाइस्कूल में सहायक अध्यापक और प्रधानाध्यापक परीक्षा में पेपर आउट कराने के आरोपी वाइस प्रिंसिपल को कीडगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामला खुलने के बाद से ही आरोपी वाइस प्रिंसिपल फरार चल रहा था। पूछताछ के दौरान वाइस प्रिंसिपल आकाश खरे ने बताया कि प्रधानाचार्य ने उससे बिना बताए धोखे से व्हाट्सएप पर पेपर सेंड किया था। वह मोबाइल बरामद न करवाने पर वाइस प्रिंसिपिल के खिलाफ एक और धारा बढ़ाकर जेल भेज दिया गया। जूनियर हाईस्कूल सहायक अध्यापक और प्रधानाध्यापक परीक्षा में एसटीएफ ने 17 अक्टूबर को डा. केएन काटजू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राम नयन द्विवेदी और सहायक अध्यापक अशोक तिवारी को गिरफ्तार किया था। दोनों ने कालेज के वाइस प्रिंसिपल आकाश खरे को व्हाट्सएप से पेपर सेंड कर दिया था। राम नयन की बेटी आकांक्षा मम्फोर्डगंज स्थित कालेज में परीक्षा दे रही थी। आकाश और साल्वर सेंटर के बाहर मौजूद थे। आकाश ने साल्वर के मोबाइल पर पेपर भेज दिया था। मामले के खुलासे के बाद राम नयन और अशोक तिवारी को उसी दिन जेल भेज दिया गया था। आकाश खरे, आकांक्षा द्विवेदी और साल्वर को वांटेड किया गया था। इंस्पेक्टर रमेश चौबे ने बताया कि आकाश खरे को मंगलवार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। बुधवार को उसे जेल भेज दिया गया। आकाश ने स्वीकार किया कि उसने पेपर साल्वर को भेजा था लेकिन उसे कुछ पता नहीं था। प्रधानाचार्य ने उससे बिना बताए पेपर उसके व्हाट्सएप पर भेजा। कहा कि आकांक्षा के साथ गए युवक को फारवर्ड कर दो। जब उसने डाउनलोड किया तब पता चला कि यह परीक्षा का पेपर है। पुलिस ने जब उससे वह मोबाइल मांगा तो आकाश ने कहा कि वह मोबाइल खो गया है। साक्ष्य छिपाने पर आकाश के खिलाफ धारा 201 बढ़ा दी गई। बुधवार को उसे जेल भेज दिया गया।

# ड्यूटी से गायब रहने के आरोपी सीआरपीएफ जवान की गिरफ्तारी पर रोक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रायपुर छत्तीसगढ़ में तैनात गोरखपुर के मूल निवासी सीआरपीएफ जवान की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है और केंद्र तथा राज्य सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। कोर्ट ने याचिका दाखिल करने वाले जवान को दस दिन के भीतर ड्यूटी पर उपस्थत होने का निर्देश दिया है। यदि वह ऐसा नहीं करता है तो अंतरिम आदेश रद्द मान लिया जाएगा। सीआरपीएफ जवान कैलाश नाथ उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी और न्यायमूर्ति सौरभ विद्यार्थी की खंडपीठ ने दिया है। याची का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी का कहना था कि याची 65वीं बटालियन सीआरपीएफ रायपुर छत्तीसगढ़ में तैनात है। 19 जून 2021 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व कमाडेंट ने याची के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी कर एसएसपी गोरखपुर को निर्देश दिया है कि याची को गिरफ्तार कर उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाए। केंद्र सरकार की ओर से अपर सॉलिसिटर जनरल शशि प्रकाश सिंह ने याचिका की पोषणीयता पर आपत्ति करते हुए कहा है कि मामला छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले का है। घटनाक्रम वहीं है, इसलिए इस अदालत को क्षेत्राधिकार नहीं है। याची के अधिवक्ता ने इसका विरोध करते हुए कहा कि याची गोरखपुर का मूल निवासी है। वह 15 दिन की छुट्टी पर अपने घर आया था। उसकी छुट्टी सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत की गई थी। छुट्टी पर रहने के दौरान याची गंभीर रूप से बीमार हो गया। उसने सरकारी अस्पताल में इलाज कराया। इसकी सूचना रजिस्टर्ड डाक से सक्षम प्राधिकारी को भेजी थी। याची पर बिना सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के आरोप में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के सेक्शन 10 एम के तहत कार्रवाई की गई है। अधिवक्ता का कहना था कि याची का अपराध बेहद मामूली है और मात्र एक वर्ष की सजा से दंडनीय है। कोर्ट ने याची की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए कहा है कि यदि याची दस दिन के भीतर ड्यूटी पर उपस्थित हो जाता है तो उसे गिरफ्तार न किया जाए। साथ ही केंद्र व राज्य सरकारों सहित सभी पक्षकारों से इस मामले में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न में सीडब्ल्यूसी के पूर्व चेयरमैन गिरफ्तार

**प्रयागराज।** दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के आरोपी सीडब्ल्यूसी के पूर्व अध्यक्ष कमलेश सिंह यादव को 12 नवंबर को जेल भेज दिया गया। कमलेश के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सीडब्ल्यूसी का पूर्व चेयरमैन कमलेश सिंह यादव मूल रूप से हंडिया का रहने वाला है। अब वह झूंसी में रहता है। कौशांबी की रहने वाली एक युवती ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। युवती और उसके पति के बीच झगड़ा चल रहा था।पति उसकी छह साल की बेटी को अपने पास लेकर चला गया था। वह उससे बेटी को मिलने नहीं दे रहा था। युवती इसकी शिकायत लेकर सीडब्ल्यूसी पहुंची। उस समय कमलेश सिंह सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष था। कमलेश युवती को न्याय दिलाने के बहाने उसके करीब आ गया। आश्वासन दिया कि वह उसकी बेटी को वापस दिलवा देगा। युवती के मुताबिक इसके बाद कमलेश ने उसे शहर में कई जगह कई कमरों पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# प्रियंका गांधी का एयरपोर्ट पर कांग्रेसजनों ने किया स्वागत

**कांग्रेस प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी प्रातः 11 बजे पहुंची हवाई अड्डे जहां से वे सीधे सड़क मार्ग से चित्रकूट के लिए हुईं रवाना**

अखंड भारत संदेश



प्रयागराज हवाईअड्डा पहुंचने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने किया स्वागत

**प्रयागराज।** कांग्रेस की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी का सिविल एयरपोर्ट आने पर कांग्रेसजनों ने भव्य स्वागत किया। प्रातः करीब 11 बजे वह विशेष विमान से हवाई अड्डे पहुंचीं, जहां से सीधे सड़क मार्ग से चित्रकूट के लिए रवाना हुईं। इस दौरान वहां मौजूद कांग्रेसियों ने उनका बुके भेंट कर स्वागत किया। उनके साथ पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत्र भी थीं। पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, मकसूद खान, राघवेंद्र सिंह, उज्जवल शुक्ला, प्रदीप अंशुमन, सुरेश यादव, किशोर वार्ष्णेय, फुजैल हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी, मुकुंद तिवारी, तलत अजीम, सुधाकर तिवारी, परवेज सिद्दीकी, विजय मिश्रा, देवी पांडेय, संजय तिवारी, तस्लीमउददीन, भोले सिंह, नफीस अनवर, अनूप त्रिपाठी, अनिल कुशवाहा, मंजू संत, परवेज अंसारी , अजेंद्र गौढ़ सहित अनेक लोग मौजूद थे। प्रियंका गांधी सायं चित्रकूट से यहां वापस पहुंचकर दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गईं ।

# मण्डलायुक्त एवं डीएम की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



राजनैतिक पार्टियों के साथ बेठक करते मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से चल रहे संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से छूटने न पाये। उन्होंने कहा कि जो भी लोग 01 जनवरी, 2022 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, ऐसे युवाओं का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने में सहयोग करें।

बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम में यदि कोई भी सम्बंधित विद्यालय या संस्था बंद पायी गयी तो, सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि सभी बीएलओ के पास अनिवार्य रूप से वोटर लिस्ट की सूची उपलब्ध रहे, इसकी सुनिश्चितता के लिए सभी एआरओ को निर्देशित किया है। मण्डलायुक्त ने सर्वे कराकर 01 जनवरी, 2022 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने जेण्डर रेसियों को भी बढ़ाये जाने के लिए कहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01.01.2022 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में दावे और आपत्तिया प्राप्त करने की अवधि 30.11.2021 तक तथा विषेष अभियान की शेष तिथियां 21.11.2021(रविवार), 27.11.2021( शनिवार) निर्धारित है। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान की तिथियों पर सभी सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि बीएलओ 30.11.2021 तक की निर्धारित अवधि में घर-घर जाकर 18-21 वर्ष के छूट गये मतदाताओं के नाम, मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु फार्म-6 भरकर जमा करायें तथा विशेष अभियान दिवसों पर सम्बंधित मतदेय स्थलों पर सभी बीएलओ उपस्थित रहकर दावे-आपत्तियां प्राप्त करेंगे। आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली में यदि कोई त्रुटि दृष्टिगोचर हो रही हो, तो बी0एल0ए0 एवं बी0एल0ओ0 की बैठक कराकर संशोधनों एवं अपमार्जनों की नियमानुसार कार्यवाही में सहयोग करें। आयोग की अपेक्षा के अनुसार राजनैतिक दल अपने पदाधिकारियों एवं समर्थकों की सक्रिय भागीदारी के लिए आयोग द्वारा विकसित वोटर हेल्प लाइन एप को अधिक से अधिक डाउनलोड करायें। यह एप पुनरीक्षण एवं निर्वाचन सम्बंधी बहुत से कार्यों में अत्यंत उपयोगी है। इसके द्वारा आनलाइन फार्मों का आवेदन, निर्वाचक के विवरण की जानकारी तथा आयोग द्वारा दिये जा रहे नवीनतम दिशा-निर्देशों आदि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुनरीक्षण अवधि में कोई भी व्यक्ति प्रारूप-6, 7, 8, 8क में अपना आवेदन पत्र मतदेय स्थल पर नियुक्त पदाभिहित अधिकारी, बी0 एल0 ओ0, मतदाता पंजीकरण केन्द्र, निर्वाचक/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय, तहसील कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करा सकता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री, अपर आयुक्त एम0पी0 सिंह, एडीएम प्रशासन हर्ष देव पाण्डेय, सभी विधानसभाओं के ए0आर0ओ सहित राजनैतिक दलों से कुंज बिहारी मिश्र, सै0 इस्तेखार हुसैन, योगेश यादव, रईस अहमद, ज्ञान सिंह पटेल, मो0 नसीम अंसारी के साथ-साथ सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रदेश में बढ़ती महंगाई भ्रष्टाचार चरम पर आम जनता परेशान : प्रभाकर पांडेय

**प्रयागराज।** कांग्रेस प्रवक्ता प्रभाकर पांडे जी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश में बढ़ती महंगाई व भ्रष्टाचार से आम जनता परेशान होती नजर आ रही है, उत्तर प्रदेश में 2022 विधानसभा चुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब देगी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रभाकर पांडे ने कहा बीजेपी जाति धर्म की राजनीति करती है आपस में लड़ाने का काम करती हैं प्रदेश में बढ़ती महंगाई से जहां एक और गरीब जनता परेशान है तो वही विधानसभा के विधायक से लेकर सांसद तक अपने घरों पर एसी में विश्राम कर रहे हैं अगर उनसे पूछा जाता है कि महंगाई का कारण क्या है तो वह देश के विकास सील प्रगत उन्नत बताते हुए केंद्र के मोदी सरकार की प्रशंसा करते थकते नहीं हैं भारतीय जनता पार्टी 2014 से लेकर 2019 तक जनता को गुमराह करके जिस तरह बांध कर रखा है वही आजादी अब जनता 2024 के चुनाव में केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करने जा रही है उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा व प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष लल्लू जी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह से अपनी लय में आ चुके हैं प्रभाकर पांडे का दावा है कि 2022 चुनाव में भारतीय जनता पार्टी बैकफुट पर आ जाएगी '

**NOTICE**

I, Devansh Tripathi S/o Niraj Kumar Tripathi, passed class XII in 2020 (ISC Board) from St. Joseph's College Civil lines Allahabad (Admission No. 25263) , inform that I have lost my Original Transfer Certificate.

# नर्सिंग की छात्रा को अगवा कर चलती गाड़ी में सामूहिक दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस से अगवा कर नर्सिंग की एक छात्रा के साथ चलती गाड़ी में सामूहिक दुष्कर्म किया गया। उसका आरोप है कि आरोपियों ने दुष्कर्म का वीडियो भी बनाया है। 23 अगस्त को हुई इस घटना की रिपोर्ट मंगलवार देर रात दर्ज की गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। छात्रा का मेडिकल कराने के बाद बयान कराया जाएगा। आरोपियों की तलाश की जा रही है। बलिया की रहने वाली छात्रा म्योराबाद में रहकर नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। नैनी के चाका स्थित नारायणपुर गांव का रहने वाला दीपक पाल और छात्रा के परिवार के बीच पहले से जान पहचान थी। दीपक जमीन की खरीद फरोख्त का काम करता है। कुछ समय पहले छात्रा के परिवार वालों ने जमीन के लिए दीपक को 26 लाख रुपये दिए थे। छह लाख रुपये बैंक एकाउंट में और बाकी पैसा नकद और ई बैंकिंग के माध्यम से दिए गए थे। वह पैसा दीपक लौटा नहीं रहा था। इसी बात को लेकर छात्रा और दीपक में विवाद भी हो गया था। 23 अगस्त को छात्रा वाराणसी गई थी। दीपक ने उसके मोबाइल पर कई बार फोन किया और कहा कि वह आकर बकाया पैसे ले ले। छात्रा रात में प्रयागराज पहुंची। यहां डीआरएम के पास छात्रा को बुलाया गया। दीपक ने उससे कहा कि गाड़ी में काले रंग के बैग में रुपये रखे हैं। वह जैसे ही रुपये लेने गाड़ी में गई। दीपक और उसके तीन साथियों ने उसे दबोच लिया। मुंह बंद कर उसके साथ चलती गाड़ी में कई बार दुष्कर्म किया। इस दौरान वे चाकघाट ले जाकर हत्या की बात भी करते रहे। गाड़ी जब मामा-भांजा पुलिस चौकी के पास पहुंची तो वहां जाम लगा था। छात्रा चीखते हुए गाड़ी से कूद गई। बाद में वह थाने भी गई लेकिन उसकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। सीओ सिविल लाइंस ने बताया कि मंगलवार देर रात रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। छात्रा का मेडिकल कराके बयान दर्ज कराया जाएगा।

**आरोपी के परिवार की महिलाओं पर भी रिपोर्ट**

छात्रा ने आरोपी दीपक के परिवार की महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्रा का कहना है कि आरोपी के परिवार की महिलाओं ने उसे धमकी दी है। छात्रा का यह भी दावा है कि दुष्कर्म के दीपक ने उसे फोन किया था जिसमें उसमें दुष्कर्म की बात कुबूलते हुए फिर धमकी दी है। इसका ऑडियो भी उसके पास है।

## पटरी से उतरी मालगाड़ी, कई घंटे ठप रहा प्रयागराज : डीडीयू रेलखंड



**प्रयागराज।** प्रयागराज-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू) रेलखंड पर बुधवार की सुबह कंटेनर मालगाड़ी के आठ वैगन पटरी से उतर गए। सुबह 6.45 बजे हुए हादसे के बाद प्रयागराज-डीडीयू रेलमार्ग पर ट्रेन संचालन कई घंटे ठप रहा। रेलवे के तमाम अफसर प्रयागराज मंडल स्थित कंट्रोल रूम पहुंच गए। इस दौरान प्रयागराज-डीडीयू रूट की ट्रेनों को डायवर्ट किया गया। साथ ही सूबेदारगंज-डीडीयू मेमो ट्रेन रेलवे ने दोनों ओर से निरस्त कर दी। बताय जा रहा है कि प्रयागराज से निकली मालगाड़ी के आठ वैगन डीडीयू जंक्शन केपूर्व वेस्ट केबिन स्थित किमी संख्या 675 के पास उतर गए। अचानक हुए इस हादसे के बाद प्रयागराज पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. के मध्य डाउन लाइन पर आवागमन बंद हो गया। कंट्रोल रूम को सूचना मिलने के बाद मौके पर एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन को भेजा गया।उधर घटना के बाद प्रयागराज से डीडीयू जाने वाली तमाम ट्रेनों को रोक लिया गया। इस वजह से इन ट्रेनों की लेटलतीफी बढ़ गई। प्रयागराज से मिजार्पुर केरास्ते डीडीयू जाने वाली ट्रेनों को प्रयागराज रामबाग-वाराणसी की तरफ डायवर्ट कर दिया गया। जिन ट्रेनों को डायवर्ट किया गया उसमें 02872 मगध एक्सप्रेस, 02802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, 05956 दिल्ली-कामख्या, 02350 नई दिल्ली-गोड्डा हमसफर, 09483 अहमदाबाद-बरौनी, 03260 सीएसटीएम-पटना , 01664 नई दिल्ली-पटना पूजा स्पेशल प्रमुख रूप से शामिल रही। इसके अलावा प्रयागराज छिवकी के रास्ते डीडीयू जाने वाली 03252 यशवंतपुर-पाटलिपुत्र, 02336 लोकमान्य तिलक-भागलपुर, 09147 सूरत-भागलपुर को ब्लॉक हट के-व्यासनगर-डीडीयू रूट पर डायवर्ट की गई। उत्तर मध्य रेलवे सीपीआरओ डा. शिवम शर्मा ने बताया कि डाउन लाइन पर रेल संचालन देर शाम शुरू होने की उम्मीद है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पँवरी विकास खण्ड कौंधियारा, प्रयागराज

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में ग्राम पंचायत पँवरी, विकास खण्ड–कौंधियारा में कराये जाने वाले कार्यो मनरेगा, राज्य वित्त, 15वां वित्त, हैण्डपम्प मरम्मत व रीवोर, नाली, खडंजा निर्माण व मरम्मत शौचालय निर्माण प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। विकास खण्ड की पंजीकृत फर्मे 10–07–2021 से 15–07–2021 तक आवेदन कर सकती है। निविदा दिनांक 20–07–2021 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | महेश के घर से रमेश विश्वकर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (60 मीटर) | 2 लाख | 3 माह |
| 2. | बंशी लाल के घर से रामबली के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (50 मीटर) | 2 लाख | 3 माह |
| 3. | श्रीनाथ के घर से बाज बहादुर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (58 मीटर) | 2 लाख | 3 माह |
| 4. | इम्तियाज के घर से मो. सगीर के घर तक इण्टलाकिंग कार्य (65 मीटर) | 2 लाख | 3 माह |
| 5. | सुभाष के घर से राम अचल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (50 मीटर) | 2 लाख | 3 माह |
| 6. | लक्ष्मण के घर से रामसूरत के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (50 मीटर) | 2 लाख | 3 माह |

कौशलेश यादव
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत पँवरी
वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।

नील कृष्ण प्रजापति
(ग्राम विकास अधिकारी)
ग्राम पंचायत पँवरी
वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत / टेण्डर/कोटेशन/2021–22/दिनांक

# अमृत महोत्सव में गांव गांव नगर नगर लहराएगा तिरंगा

## स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव, 30 दिन चलेगा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत का अमृत महोत्सव मनाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसमें न केवल उन स्वाधीनता संग्राम के बलिदानियों को याद किया जाएगा जिन्हें इतिहास में भूला बिसरा समझ लिया गया। जिनकी जानकारी इतिहासकारों ने दी नहीं या किन्ही कारणों से छुपा ली गई।

युवाओं की टोली विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में गांव गांव नगर नगर न केवल तिरंगा यात्रा निकालेगी बल्कि भारत माता की झांकी, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, सेमिनार, कवि सम्मेलनों के माध्यम से लोगों में अपने इतिहास एवं अपने स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की संपूर्ण जानकारी देगी। तैयारियों को लेकर नगर के होटल स्नेह में बुधवार को प्रेस प्रतिनिधियों से बात करते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रभा शंकर पाण्डेय ने कहा कि अमृत महोत्सव आयोजन में एक साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा। उसके पश्चात विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी हो चुकी है। जन




समिति के तत्वाधान में 19 नवंबर से 19 दिसंबर के मध्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जिले के सभी खंडो, नगरों जागरण कार्यक्रम के तहत महर्षि अरविंद और स्वामी विवेकानंद की विचारधारा के अनुरूप हम लोगों की आराध्य भारत माता के पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों में संगोष्ठी, सेमिनार एवं नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रम कराए जाएंगे। समापन कार्यक्रम 19 दिसंबर को नगर के बड़े मैदान में वंदे मातरम के गायन के साथ कार्यक्रम को पूर्णता प्रदान की जाएगी।

समापन अतिथि के रूप में देश के सर संघ कार्यवाह रामदत्त चक्रधर उपस्थित रहेंगे। वार्ता के दौरान एमबीपीजी कॉलेज के इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ पीयूष कांत शर्मा ने कहा कि इतिहास में कुछ ऐसे भी लोगों ने देश की आजादी में अपना योगदान दिया जिन्हें इतिहास के पन्नों में जगह नहीं मिली। ऐसे लोगों पर फोकस करते हुए अमृत महोत्सव में उन्हें याद करने का कार्यक्रम रहेगा। डॉ शर्मा ने कहा कि भारत कभी गुलाम नहीं रहा। भारत की खोज किसी अंग्रेज ने नहीं किया बल्कि भारत दुनिया में ऐसी प्राचीन सङ्यता का देश रहा जिसको जानने की इच्छा पूरी दुनिया को रही। कार्यक्रम में अमृत महोत्सव के कार्यकारिणी के सहसंयोजक रमेश पटेल, अनामिका उपाध्याय, शीतांशु बीके द्विवेदी, रंगनाथ सुरेंद्र प्रसाद, शिव शंकर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। बता दें कि अमृत महोत्सव के कार्यक्रम के पालक अधिकारी के रूप में डॉक्टर सौरभ पाण्डेय की देखरेख में जिले के अमृत महोत्सव को बृहद पैमाने पर किए जाने की पूरी तैयारी हो चुकी है।

# पांच आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास बलवा तथा तोडफोड का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मवेशी को लेकर उपजे विवाद मे पांच आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा बलवा का केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी दिव्यांग की पिटाई को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। छेमर सरैंया गांव के सुभाष सरोज पुत्र मिठाई लाल ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पन्द्रह नवंबर को दिन मे बारह बजे गांव के खुरमुर के पुत्र लाला, कालूराम की पुत्री बिटटा, गया प्रसाद की पुत्री निशा, कालू के पुत्र जीतलाल व खुरमुर ने बकरी के घर मे घुस जाने के विवाद मे उसके घर हमला बोल दिया। आरोपियो ने पीड़ित व उसके परिवार के सदस्यों को लाठी डण्डे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। घटना मे पीड़ित के परिवार की सरिता को गंभीर चोट होने के कारण वह बेहोश हो गयी। शोर मचाने पर आरोपियों ने गृहस्थी के सामानों मे भी तोडफोड कर नुकसान पहुंचाया। चिकित्सको ने यहां प्रारम्भिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात आरोपी जीतलाल समेत पांच के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज व तोडफोड तथा धमकी व हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। इधर दूसरे पक्ष के गयाप्रसाद की पत्नी धनपती देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पन्द्रह नंवबर को आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी डंडा तथा धारदार हथियार से उसके घर हमला बोल दिया। आरोपियो ने पीड़िता के विरोध करने पर उसके दिव्यांग पुत्र रिंकू को मारपीट कर गंभीर रूप से चुटहिल कर दिया। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है एक पक्ष की ओर से केस दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष की तहरीर की जांच लीलापुर पुलिस चौकी को सौंपी गयी है। घटना के दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई होगी।

## जुलूसे गौसिया मे जुटे अकीदतमंद, अतीके मिल्लत की जिंदगानी का बखान

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत के खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुन्नवी मे बुधवार को उलमा ए कराम की तकरीर मे अतीके मिल्लत की जिंदगी का बखान किया गया। इसके पहले पचपचनवें जश्ने गौसिया के तहत मदरसा के गेट से जुलूसे गौसिया खानापटटी गांव मे शानोशौकत के साथ निकाला गया। जायरीन तथा अकीदतमंदो ने मदरसे के अहाते मे पाक अतीक साहब की मजार पर चादरपोशी व गुलपोशी पेश की। इलाकाई विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से जलसे मे पहुंचे मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने चादरशरीफ पेश किया। साहबे सज्जादा हजरत मौलाना रहमानी मियां की देखरेख मे हजरत मो. अतीक के बताये रास्ते पर चलने का अहद भी लिया गया। जलसे का संयोजन बेलाल रहमानी ने किया। इस मौके पर सभासद मोकीम खान, इम्तियाज अहमद, मो. खालिद, मो. सैयद, मतलूब अहमद खां, अनिल त्रिपाठी महेश, जियाउल, इजहार हुसैन, मो. कासिम, जाहिद खॉन, वसीम खॉन, रईस खॉन, मो. सकील खॉन, जाहिद हाफिज, अब्दुल लतीफ शेख तथा मो. साकिब आदि रहे।

# रानीगंज इलाके के 14 प्राचीन मंदिरों का होगा कायाकल्प

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के बदहाल पड़े प्राचीन मंदिरों की तस्वीर जल्द बदलने वाली है। इन मंदिरों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। पहले चरण में 14 प्राचीन मंदिरों का कायाकल्प होगा। विधायक धीरज ओझा द्वारा क्षेत्रीय पर्यटन विभाग को भेजे प्रस्ताव पर मुहर लग गई है।

सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो जल्द ही कार्य शुरू होगा। रानीगंज तहसील क्षेत्र में पौराणिक मां वाराही देवी धाम के अलावा कई अन्य प्राचीन मंदिर हैं। इनमें जामताली स्थित कामेश्वर धाम मंदिर, चलाकपुर के खीरीवीर मंदिर, भागीपुर के हनुमान मंदिर, सिपाह महेरी के काली माता का चौरा, सिगाहीं गांव स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, मांधाता के छितपालगढ़ स्थित

### क्षेत्रीय पर्यटन विभाग ने प्रस्ताव पर लगाई मुहर, जल्द शुरू होगा कार्य

आदिशक्ति दुर्गा मंदिर, शिवगढ़ ब्लॉक के पूरे बिच्छूर के हनुमान मंदिर, रामगढ़ के शिव मंदिर, हुसैनपुर के जय मां कालीमंदिर, गौरा ब्लॉक के महमूदपुर पाली स्थित ?सिद्ध नाथ मंदिर, नौडेरा स्थित नौडेरा दाई मंदिर, सुंवसा ?के कोठारी भवानी मंदिर व चंघईपुर स्थित चंद्रेश्वरनाथ धाम अति प्राचीन हैं। इन प्राचीन मंदिरों का भी पौराणिक महत्व है। लंबे समय से देखरेख के अभाव में मंदिर बदहाल हो चुके हैं। इमारतें जर्जर हो चुकी हैं। प्लास्टर उखड़ चुके हैं। मंदिर परिसर में भी सुविधाओं की दरकार है। प्रकाश की मुकम्मल व्यवस्था नहीं है। क्षेत्रीय लोगों ने मंदिरों के सौंदर्यीकरण को लेकर विधायक धीरज ओझा से मांग की थी। विधायक धीरज ओझा ने पहले चरण में क्षेत्र के 14 प्राचीन मंदिरों की सूची तैयार कर कायाकल्प कराने के लिए प्रस्ताव क्षेत्रीय पर्यटन विभाग को भेजा था।

जिस पर पर्यटन विभाग ने मुहर लगा दी है। मंदिरों के कायाकल्प के लिए पौने दो करोड़ रुपये का बजट तैयार किया है। जल्द ही कार्य शुरू होगा। विधायक धीरज ओझा ने बताया कि रानीगंज तहसील क्षेत्र का पौराणिक महात्म्य है। मां वाराही देवी धाम के अलावा भी कई प्राचीन मंदिर हैं। जिनके कायाकल्प को लेकर प्रस्ताव भेजा गया था। अब प्रक्रिया शुरू हो गई है। जल्द ही क्षेत्र की प्राचीन मंदिरों की भी तस्वीर बदलेगी।

# राजकीय बालिका इंटर कालेज में मनाया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा स्लोगन के अन्तर्गत विद्यालय की छात्राओं ने क्विज प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा इसी स्लोगन के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह में जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ डॉ सर्वदा नंद के आदेशानुसार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में जनपद स्तरीय दो दिवसीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता 16 एवं 17 नवम्बर को आयोजित की गई.बुधवार को जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया.कार्यक्रम की अध्यक्षता गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ ने की.मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बरहदा प्रतापगढ़ रहे।

सम्मानित निर्णायक मंडल के रूप में डॉ आम्रपाली द्विवेदी




प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज आसपुर देवसरा प्रतापगढ़,श्री अनिल कुमार प्रधानाध्यापक राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आना देव एवं श्रीमती सविता देवी पूर्व प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकुआर पट्टी प्रतापगढ़ रहीं.मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राएं वाह सशक्त माध्यम है दिन के माध्यम से हम समाज को पूर्ण रूप से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हैं और हमारा भी एक कर्तव्य इस सड़क सुरक्षा के लिए बताए गए नियमों का हम पालन करें. दो पहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें.चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें. सड़क पर दिए गए निर्देश एक निर्देशों के अनुसार हम सड़क पार करें गाड़ी चलाते वक्त शराब का प्रयोग ना करें तथा बिना वैध लाइसेंस के वाहन कदापि न चलाएं.इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है साथ ही साथ अपने विभिन्न महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी होती है. उन्होंने सफल छात्र छात्राओं को बधाई दी.कार्यक्रम में श्री उमर जमील एवं महेंद्र बहादुर सिंह की विशेष भूमिका रही.इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा.क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुमारी श्रद्धा तिवारी कक्षा 12 राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, द्वितीय स्थान पर रुबिया हुसैन कक्षा 12 राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं तृतीय स्थान पर लक्ष्मी सिंह कक्षा 12 पी बी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ रहीं. इस अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा समस्त सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया.कार्यक्रम का संचालन डॉ मो अनीस द्वारा किया गया।

# महंगाई हटाओ प्रतिज्ञा पदयात्रा के दौरान किया नुक्कड़ सभा

## डा. नीरज त्रिपाठी ने प्रतिज्ञा पदयात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ सुकमा में हुए शहीद स्थल पर जाकर अर्पित की श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में धरौली ग्रामसभा निवासी छत्तीसगढ़ के सुकमा जनपद में शहीद हुए अमर शहीद स्व.सतीश चंद्र वर्मा जी के शहीद स्थल पर माला पहनाकर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए। उसके उपरान्त महंगाई हटाओ प्रतिज्ञा पदयात्रा के चौथे दिन 248 प्रतापगढ़ सदर विधानसभा क्षेत्र के मंगरौरा विकासखंड के कोहड़ौर न्याय पंचायत के रामापुर,धरौली,डिहवा, मुश्लिम बस्ती, डड़वा, परसुपुर, नथैया में होते हुए पाल बस्ती में सुखबीर पाल के आवास पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.नीरज त्रिपाठी ने नुक्कड़



सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के महंगाई पर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए महासचिव प्रियंका गांधी जी मैदान में उतर गई हैं ' महासचिव प्रियंका गांधी जी ने जो प्रतिज्ञाएं की हैं उन सभी को पूरा करने का संकल्प लेकर हम सभी कांग्रेस जन कोहड़ौर न्याय पंचायत के धरौली ग्रामसभा में डोर टू डोर जनसम्पर्क कर महंगाई हटाओ प्रतिज्ञा पदयात्रा का आयोजन कर रहे हैं जिसमें प्रियंका गांधी द्वारा किए गए प्रतिज्ञा पत्र को गांव में वितरित किया गया ' महासचिव प्रियंका गांधी जी ने प्रतिज्ञा किया है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई तो महिलाओं को वर्ष में तीन भरा गैस सिलेंडर मुफ्त में दिया जाएगा, छात्राओं को स्मार्टफोन और स्कूटी दी जाएगी, महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा दी जाएगी, 1000 प्रति माह वृद्धा एवं विधवा पेंशन दिया जाएगा, आंगनवाड़ी और आशा बहुओं को 10000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा, प्रदेश में वीरांगनाओं के नाम पर 75 दक्षता विद्यालय खोले जाएंगे ' 40 % टिकट महिलाओं को दिया जाएगा ' कोई भी बीमारी हो सरकार की तरफ से 10 लाख तक का इलाज मुफ्त किया जाएगा ' संविदा कर्मियों और ठेका कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाएगा

### किसान भाइयों का पूरा कर्जा माफ किया जाएगा

कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है महंगाई आसमान छू रही है पेट्रोल डीजल, गैस, सरसों का तेल सहित खाद्य सामग्री में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिससे आम जनमानस परेशान हैं इस बार जनता मन बना चुकी है कि भाजपा की सरकार को हटाना है और कांग्रेस की सरकार को लाना है। महंगाई हटाओ प्रतिज्ञा पदयात्रा में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लक्ष्मी शंकर मिश्रा, त्रिभुवन नाथ दुबे, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंगरौरा के अध्यक्ष अनिल पटेल, औरंगाबाद न्याय पंचायत उपाध्यक्ष सूबेदार यादव, धरौली ग्राम सभा से विजय यादव, मोहम्मद शोएब, रामलाल पाल, नॉटे वर्मा, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, मलाक न्याय पंचायत के अध्यक्ष विकास वर्मा, विकास शुक्ला, मोनू मिश्रा, विशाल शुक्ला डब्बू पांडेय, अंकित सरोज, राजदेव, मुन्ना वर्मा, शैलेश पांडेय, यूथ कांग्रेस के प्रतापगढ़ विधानसभा अध्यक्ष शुभम शुक्ला, विकास सिंह, बजरंगी गौतम,सुरेंद्र सिंह, मजहर हुसैन, राम बाबू वर्मा, सहित कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## सदर ब्लाक क्रीड़ा का आयोजन 20 को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदर के परिषदीय स्कूलों की ब्लाक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 20 नवंबर को बीआरसी सुखपाल नगर को किया गया है। यह जानकारी सदर व्ययाम शिक्षक शैलेश सिंह शैलू ने दी है। संग्रामगढ़ बाजार की सीसी सड़क का मरम्मत कार्य शुरू। परियावां।कालाकांकर लालगंज मार्ग से जुड़ा संग्रामगढ़ बाजार की सीसी सड़क में जानलेवा गड्ढे की खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित होने पर लोक निर्माण विभाग हरकत में आ गया और सीसी सड़क को गड्ढा मुक्त करने के लिए मरम्मत कार्य शुरू कर दिया आनन फानन में सड़क निर्माण शुरू होने से जहाँ ब्यापारियों व राहगीरों को राहत मिली वही लोक निर्माण विभाग ने चैन की सांस ली सड़क मरम्मत कार्य मे अनियमिताएं देखने को मिल रही है मानक के अनुसार सड़क की मरम्मत का कार्य नही किया जा रहा है ।जब कि कार्तिक पूर्णिमा के कुछ ही दिन शेष रह गए है हालांकि गड्ढायुक्त से विभाग को छुटकारा तो मिल गया परन्तु भारी भरकम वाहनों के गुजरने से सड़क की दुर्दशा फिर पहले की तरह हो जाएगी।स्थानीय ब्यापारियों ने उक्त सड़क का मरम्मत कार्य मानक के अनुरूप कराए जाने के लिये विभाग के अधिशाषी अभियंता का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## अवैध शराब संग धराये आरोपी, गये जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर तीन आरोपियो को अवैध देशी शराब के साथ धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार ने बुधवार की सुबह मेढावां गांव के रमन का पुरवा मे दबिश देकर तीन आरोपियो को अवैध शराब को लेकर बिक्री के प्रयास मे धर दबोचा।

# दूर होगी किल्लत, जिले को मिली 4200 एमटी डीएपी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रबी के सीजन में डीएपी की किल्लत से जूझ रहे किसानों के लिए राहतभरी खबर है। जिले में 42 एमटी डीएपी का स्टाक मिला है। इसमें साधन सहकारी समितियों व निजी खाद की दुकानों का स्टाक है।

इफ्को फूलपुर से डीएपी की रैक आना शुरू हो जाएगी। इससे किसानों को राहत मिल जाएगी। जिले में कुल 200 समितियां हैं। इसके अलावा 300 से अधिक पंजीकृत खाद की दुकानें हैं। खरीफ की अपेक्षा रबी के सीजन में उर्वरक का अधिक इस्तेमाल होता है। जिले में रबी के सीजन में 21 हजार एमटी डीएपी का लक्ष्य है। डीएपी का इस्तेमाल गेहूं व आलू की फसल में अधिक होता है। खासतौर पर बुवाई के दौरान। इन दिनों में जिले में गेहूं व आलू की बुवाई शुरू है। इससे डीएपी की खपत अधिक है। 21 हजार एमटी डीएपी लक्ष्य के सापेक्ष जिले में अब तक महज 10 हजार एमटी ही डीएपी का स्टाक आया है। जबकि बुवाई के दौरान आमतौर पर लगभग 15 हजार एमटी डीएपी की खपत होती है। मगर बुवाई के मुख्य समय में साधन सहकारी समितियों एवं पंजीकृत खाद की दुकानों पर डीएपी की किल्लत बनी हुई है।

डीएपी न होने से किसान समितियों एवं दुकानों का चक्कर लगा रहे है। डीएपी की किल्लत की वहज से वह बुवाई नहीं कर पा रहे है। मगर अब समितियों एवं पंजीकृत दुकानों पर डीएपी की किल्लत नहीं रहेगी। इफ्को फूलपुर से जिले के लिए 4200 एमटी डीएपी का स्टाक भेजा जाएगा। इसमें 2700 एमटी डीएपी साधन सहकारी समितियों में जबकि 1500 एमटी डीएपी पंजीकृत खाद की दुकानों में भेजा जाएगा। सोमवार को 1000 एमटी डीएपी की खेप का आना शुरू हो जाएगा। 18 नवंबर तक कुल 4200 एमटी डीएपी का स्टाक आएगा।

### टॉप ड्रेसिंग में नहीं होगी खाद की दिक्कत

गेहूं की फसल की सिंचाई चार से पांच बार होती है। इसके बाद टॉप ड्रेसिंग की जाती है। इसमें उर्वरक का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा चना, मटर, सरसों आदि फसलों के लिए भी उर्वरक की डिमांड रहती है। डिमांड के अनुरूप डीएपी व यूरिया का स्टाक पहले से ही डंप किया जाएगा।

## साइकिल चलाकर पर्यावरण को प्रदूषण से बचाएं : अजय क्रांतिकारी

अखंड भारत संदेश

### साइकिल चलाओ, प्रदूषण भगाओ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रतापगढ़।** आज पर्यावरण सेना के तत्वावधान में लक्ष्मणपुर ब्लॉक पूरे गिरधर सहाय में स्थित लौह पुरुष सरदार पटेल इंटर कॉलेज में देश में बढ़ रहे वायु प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने और सार्वजनिक वाहनों के प्रयोग के साथ ही साइकिल चलाने हेतु जनमानस को प्रेरित करने के उददेश्य से पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में साइकिल चलाओ, प्रदूषण भगाओ कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को साइकिल चलाने हेतु प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी ने कहा कि बढ़ते वाहनों के प्रयोग और उद्योगों से निकलने वाली विषैली गैसों के उत्सर्जन से देश और पूरी दुनिया में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है।जिसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य और हमारे पर्यावरण पर पड़ता है।उन्होंने प्रदूषण से मुक्ति के लिए सार्वजनिक वाहनों के प्रयोग और न्यूनतम दूरी तय करने हेतु साइकिल के प्रयोग पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा होता है और पैसे की बचत के साथ ही हमारा पर्यावरण बेहतर होता है।हमें हर हाल में हरित परिवहन को बढ़ावा देना ही होगा। इस मौके पर अरविंद दूबे, प्रदीप कुमार, रवीन्द्र पटेल,नमन कुमार तिवारी,सुशील कुमार,अरविंद कुमार,विजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीनियर डीओएम ने रेलवे स्टेशन के रिमॉडलिंग की प्रगति देखी

**प्रतापगढ़।** मुरादाबाद रेल मंडल के वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक सुधीर कुमार सिंह ने बुधवार को प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। रिमॉडलिंग कार्य की प्रगति नजदीक से देखी। स्टेशन अधीक्षक शमीम अहमद से जानकारी जुटाई। पद्मावत एक्सप्रेस ट्रेन से प्रतापगढ़ स्टेशन पर उतरे सीनियर डीओएम एसएस शमीम को साथ लेकर यार्ड में निकल पड़े। उन्होंने वाशिंग लाइन, बन रहे नये प्लेटफार्म चार व पांच की प्रगति देखी। प्रस्तावित नई लाइनों के स्थल को भी देखा। पहले की बनी लाइनों और उससे जुड़े पॉइंट्स को भी बारीकी से देखा। एसएस शमीम रिमॉडलिंग का पूरा प्लान लेकर निरीक्षण करवा रहे थे। सूत्रों के अनुसार सीनियर डीओएम लखनऊ मण्डल के स्थान पर मुरादाबाद के अधिकारी का निरीक्षण पर आना कर्मचारियों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

# हरि कथा का श्रवण ही जीवन का सौभाग्य-आचार्य राहुल पाण्डेय पाराशर

## अझारा मे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ मे प्रभु आराधना की बहीं बयार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के अझारा पूरे पाठक मे चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में समापन के दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने कथाश्रवण के दौरान प्रभु आराधना मे मगन दिखे। श्रीमदभागवत कथा मे कथाव्यास आचार्य राहुल पाण्डेय पाराशर जी महराज ने कहा कि कलिकाल मे श्रीहरि की कथा के श्रवण का भाग्य ही जीवन का सौभाग्य है। उन्होनें कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपनी लीलाओं के तहत प्राणी को मोक्ष मार्ग के लिए सदैव नीति और धर्म के अनुश्रवण की सीख दी है। कथाव्यास ने कहा कि भगवान् उसी पर कृपावान हुआ करते है जिसका चरित्र सुचरित्र हुआ करता है, और जो सदैव सत्य का वरण किया करता है। आचार्य जी ने श्रद्धालुओं से कहा कि सन्मार्ग के लिए जीवन का ध्येय सदैव सदाचरण और प्रभु के प्रति समर्पण का ही होना चाहिये। कथा के दौरान बीच बीच मे भक्त मण्डली द्वारा संगीतमय राधा-कृष्ण संकीर्तन



से माहौल और भक्तिमय हो उठा दिखा। कथा के मुख्य यजमान पं.कन्हैयालाल मिश्र व सह संयोजिका कलावती मिश्रा ने रोली चंदन से व्यासपीठ का पूजन किया। व्यवस्थापक पं. जगन्नाथ मिश्र, अपर जिला जज जगन्नाथ मिश्र एवं अधिवक्ता रामेन्द्र मिश्र, शिक्षक बालेन्द्र पाण्डेय मोनू व रिटायर्ड सूबेदार मेजर राजकुमार मिश्र राजू ने भी व्यासपीठ का पूजन किया। आयोजक पं. अच्छे लाल मिश्र ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर विनोद मिश्र, प्रमोद मिश्र, प्रणव मिश्र, राजेश मिश्र, आशीष, आदर्श, आयूष, अतुल मिश्र, संकठा प्रसाद मिश्र, अशर्फीलाल मिश्र, प्रशांत मिश्र, संजय, राजीव आदि ने समापन बेला पर जुटे श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित करने मे जुटे दिखे। आभार प्रदर्शन अधिवक्ता राजेश मिश्र ने किया।

## खबर संक्षेप

### शराब के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले के अलग अलग थानों द्वारा दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर कब्जे से 30 लीटर अवैध शराब बरामद कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता सम्भारी पत्नी शंकर लाल निवासी खरका थाना सराय अकिल के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रमेश चन्द्र पुत्र स्व० शीतला प्रसाद निवासी नरवर पट्टी थाना कोखराज के कब्जे से 10 लीटर शराब बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### चोरी के समान के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त धीरेन्द्र कुमार गौतम पुत्र राम प्रकाश निवासी मसीपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का 01 अदद ट्रैक्टर की बैटरी बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# सदस्य राज्य महिला आयोग ने महिला की समस्याओं को सुना

**महिलाओं को न्याय देने में विलंब करने वाले थानेदारों को जमकर लगाई फटकार**

अखंड भारत संदेश



पीड़ित महिलाओं की सुनवाई करती राज्य महिला आयोग सदस्य

**कौशाम्बी।** उत्तरप्रदेश महिला आयोग की सदस्या सुश्री ऊषा रानी गौतम द्वारा मिशन शक्ति फेज-3 अन्तगर्त महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई का आयोजन बुधवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया पीड़ित महिलाओं की सुनवाई करते हुए राज्य महिला आयोग सदस्य ऊषा रानी ने महिलाओं को न्याय देने में विलंब करने वाले संबंधित थानेदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि महिलाओं को न्याय देने में तनिक भी विलंब हुआ तो उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता में महिलाओं को न्याय देना शामिल है और महिलाओं को थाने से न्याय नहीं मिला तो संबंधित थानेदार कठोर दंड भुगतने को तैयार रहें जन सुनवाई के दौरान उन्होंने पीड़ित महिलाओं को बुलाकर बारी बारी से महिलाओं की समस्याओं को सुना तमाम समस्याओं में उन्होंने दूसरे पक्ष को भी समझा कर मामले में दांपत्य जीवन सुखमय बनाने का प्रयास किया इस दौरान श्रीमती उत्ता देवी पत्नी जगन्नाथ, थाना-चरवा, श्रीमती माया देवी पत्नी गजानन्द थाना कोखराज, श्रीमती अमरावती पत्नी अवधेश कुमार थाना चरवा, पूजा देवी पुत्री राम बाबू सोनकर थाना-मंझनपुर, नजराना बानो पुत्री अनसार अली थाना-करारी, केशा देवी पुत्री रतूलाल, थाना-पश्चिम शरीरा, काजल मिश्रा पुत्री मनोज, थाना-सराय अकिल सहित कुल 7 शिकायतें राज्य महिला आयोग सदस्य के सामने प्रस्तुत हुई जिन पर त्वरित कायवाहीं तथा कल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं एवं बच्चों को जोड़ने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निदेर्शित किया गया। तथा पूर्व में आयोजित जनसुनवाई शिविर की शिकायतों के निस्तारण से संबंधित उन्होंने समीक्षा की बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम, प्रतिनिधि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा धिकारी, डा0 छवि जौहरी, महिला थानाध्यक्ष, प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ, समस्त थाना प्रभारी प्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षक जिला सूचना विभाग संरक्षण अधिकारी अजीत कुमार महिला कल्याण अधिकारी जिला समन्वयक महिला शक्ति केन्द्र, सेन्टर मैनेजर वन स्टाप सेन्टर के कमचार्री सहित अन्य अधिकारी कमचार्री तथा अधिक संख्या में महिला एवं पुरूष उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य कर्मियों को एजेंसी से नहीं मिला वेतन

**कौशाम्बी।** जिला अस्पताल में एक एजेंसी के जरिए काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों को 8 महीने से वेतन नहीं मिल रहा है जिससे कर्मचारियों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा है वेतन मांगने पर एजेंसी मालिकों का कहना है कि उन्हें सरकार से वेतन नहीं मिल रहा है एजेंसी से वेतन न मिलने से पीड़ित स्वास्थ्य कर्मियों ने जिलाधिकारी के पास पहुंचकर वेतन दिलाए जाने की मांग की है जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देने वालों में सुनीता देवी आनंद शुक्ला शिवम त्रिपाठी प्रवीण कुमार दिनेश कुमार राघवेंद्र कुमार नीरज कुमार सहित तमाम लोग शामिल रहे इसके पूर्व एजेंसी के कारनामे की स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर एजेंसी से वेतन दिलाने की मांग की है बताते चलें कि इसके पहले भी एजेंसी चलाने वालों ने स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन डकार लिया था शिकायत के बाद भी स्वास्थ्य कर्मियों को वेतन नहीं मिल सका है एजेंसी संचालक पर यदि जिलाधिकारी ने मुकदमा दर्ज नहीं कराया तो अस्पताल में ड्यूटी देने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों को वेतन मिलना मुश्किल होगा।

## न्यूज झरोखा

### स्लोगन रंगोली के माध्यम से छात्राओं ने दिया यातायात की जानकारी

**अझुवा कौशाम्बी।** सड़क सुरक्षा सप्ताह पर आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में किया गया। जिसमें 20 विद्यालयो के 400 छात्र छात्राओ ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मण्डल के रूप में श्रीमती सुषमा चौधरी प्रवक्ता राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज कड़ा व उमेश कुमार प्रवक्ता हुबलाल इण्टर कॉलेज भरवारी व भुवनेश्वर दत्त मिश्रा स.अ.पं. दीनदयाल उपाध्याय इण्टर कॉलेज देवखरपुर चन्द्रकान्त पाण्डेय से.नि. स.अ.हनुमान इण्टर कॉलेज अझुवा मौजूद रहे। चित्रकला (पोस्टर +रंगोली) जूनियर वर्ग में प्रतियोगिता में रिमझिम सिंह को प्रथम स्थान व यासमीन बानो को द्वितीय स्थान धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार तथा पूर्णिमा राजपूत दयानन्द सरस्वती ज्ञान मंदिर इण्टर कॉलेज अझुवा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तथा रिचा राय श्री मान सिंह इण्टर कॉलेज अलीपुर जीता और अमन मिश्रा श्री हुबलाल इण्टर कॉलेज भरवारी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।चित्रकला (पोस्टर+रंगोली)सीनियर वर्ग में आकांक्षा सिंह धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को प्रथम स्थान व यवन हुबलाल इण्टर कॉलेज भरवारी को द्वितीय स्थान तथा आयुष कुमार अग्रहरि जय माँ दुर्गे इण्टर कॉलेज अझुवा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तथा अमन मिश्रा हुबलाल इण्टर कॉलेज भरवारी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।लेखन जूनियर प्रतियोगिता में अंजली देवी को प्रथम स्थान व प्रियाशी मौर्या को द्वितीय स्थान व साहिबा नूर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।लेखन सीनियर प्रतियोगिता में रोशनी देवी को प्रथम स्थान व रोहित कुमार को द्वितीय स्थान तथा तनुजा गौतम धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ तथा दीपिका मोदनवाल गंगा प्रसाद साहू इण्टर कॉलेज देवीगंज को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।इसी क्रम में हुयी क्विज प्रतियोगिता(जूनियर) आर्शिता अग्रहरि धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को प्रथम स्थान व प्रीतम विश्वास डी.डी. कान्वेंट स्कूल केन कानेमई को द्वितीय स्थान व शिवम यादव धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। क्विज प्रतियोगिता(सीनियर)

1-गौरवकान्त मिश्रा को प्रथम स्थान व अनुष्का सिंह धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को द्वितीय स्थान तथा आनन्द कुमार मौर्य जय माँ दुर्गे इण्टर कॉलेज अमिरतापुर अझुवा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रकांत पाण्डेय व पूर्व खेल सचिव चन्द्र भूषण पाण्डेय व श्याम लाल (खेल सचिव) ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया। स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओ को मेडल व प्रसस्ति पत्र देकर सम्मनित किया। अंत मे विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.रामकिरण त्रिपाठी ने आये हुए विभिन्न विद्यालयो के प्रधानाचार्य एवं छात्र/छात्राओ का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर शैलेश साहू,राजबली पाल, शेर बहादुर सिंह,अमित त्रिपाठी, धन्वन्तरि कुमार रामशंकर सिंह,आदित्य द्विवेदी, शिवदत्त पाण्डेय आदि शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा पर बनाये गये स्लोगन,पोस्टर व रंगोली ने उपस्थित लोगों को यातायात के नियमो के विषय मे चेताया।

### करंट से किशोरी की मौत

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के बभनकटी गांव में कपड़े में प्रेस करते समय करंट की चपेट में एक किशोरी आ गयी है गंभीर हालत में किशोरी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है खबर लिखे जाने तक मृतक का नाम पता नहीं मिल सका है।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस उपनिरीक्षक आदित्य कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राहुल सिंह पटेल पुत्र देवपाल सिंह पटेल व हर्षित पटेल पुत्र रमेश पटेल निवासीगण मातपुर थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को बहद ग्राम चन्दईतारा से एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा मिस कारतूस 12 बोर व 01 अदद चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के द्दष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शो के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानो द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 178 वाहनों का ई चालान किया गया व 08 वाहन का चालान कर 14000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया साथ ही बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लघन करने वाले 04 व्यक्तियों से 550 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार

**खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर किरण पांडेय ने कहा कि प्राथमिकता मे शामिल है परिषदीय विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना**



**भरवारी कौशांबी।** मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के बीआरसी में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी जय राम जी का मऊ जनपद में स्थानांतरण हो जाने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी का पद खाली चल रहा था जिस पर शासन ने बनारस जनपद में कार्यरत खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर किरण पांडेय को कौशांबी स्थानांतरित कर दिया है कौशांबी स्थानांतरण होने के बाद बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर किरण पांडेय बीआरसी ब्लॉक संसाधन केंद्र पहुंची हैं जहां उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों के सहयोग से प्रेरक ब्लॉक बनाए जाएंगे उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता मे परिषदीय विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाना है उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से अपील किया है कि परिषदीय विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था बेहतर बनाने में उनका सहयोग करें जैसे ही नवागत खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर किरण पांडेय कार्यालय पहुंची वहां मौजूद शिक्षक शिक्षिका और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया है इस मौके पर रविंद्र नारायण मिश्रा आलोक द्विवेदी राजकुमार चौरसिया गिरधर दुबे ज्योत्सना सिंह जीशान मतलूब फिरदौस फातिमा सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर आंगनवाड़ी संघ ने किया धरना प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश



प्रदर्शन करती आगनवाड़ी कार्यकत्रिया

**कौशांबी।** बीते कई दिनों से जनपद मुख्यालय मंझनपुर में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन आंदोलन कर आवाज बुलंद की जा रही है धरना प्रदर्शन कर रही आंगनवाड़ी संघ की कार्यकत्रियों का कहना है कि उनके विभाग के अलावा विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा धमकी देकर उनसे तरह-तरह के कार्य कराए जाते हैं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का कहना है कि अधिकारियों द्वारा धमकी दी जाती है कि विभिन्न विभागों के सरकारी कार्यों को नहीं करोगे तो तुम्हें आंगनवाडी की नौकरी से बर्खास्त करा दिया जाएगा इस मौके पर आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ की महिलाओं ने कहा कि उनका संगठन किसी अधिकारी की धमकी उत्पीड़न नहीं बर्दाश्त करेगा उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में संचालित योजनाओं में कोटेदारों द्वारा धांधली की जाती है और खामियाजा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को भुगतना पड़ता है कई महीनों का मानदेय भी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नहीं मिला है विभिन्न मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ती संघ ने जिला अध्यक्ष माया सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है इस मौके पर सुषमा सिंह रेनू प्रजापति कल्पना देवी रेखा देवी संजना दीक्षित गीता देवी प्रेमा देवी सोफिया बेगम शालिनी देवी सुनीता देवी संगीता देवी सहित सैकड़ो महिलाएं मौजूद रही।

# बालिकाओं के सम्मान में विधायक ने आयोजित की प्रतियोगिता

**चायल विधायक संजय गुप्ता द्वारा 40 विजेताओं को पुरस्कार में प्रदान की जाएगी स्कूटी, 21 नवंबर को होगी रानी लक्ष्मीबाई प्रतिभा खोज परीक्षा**

अखंड भारत संदेश



कार्यक्रम की जानकारी देते चायल विधायक संजय गुप्ता।

**कौशाम्बी।** बेटियों के सम्मान में चायल विधायक द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन में 40 बेटियों को विधायक द्वारा उपहार में स्कूटी प्रदान की जाएगी रिद्धि सिद्धि सेवा ट्रस्ट द्वारा मनाया जा रहा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई सम्मान प्रतिभा खोज परीक्षा का चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता द्वारा अपने विधानसभा चायल के 6 परीक्षा केंद्रों में समय 11:00 से 1 बजे तक प्रतिभा खोज परीक्षा संपन्न कराई जाएगी ट्रस्ट के अध्यक्ष और विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अवगत कराया कि पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।

इसी महोत्सव के अंतर्गत मेरी विधानसभा चायल में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मेरी बेटी मेरा स्वाभिमान की धारणा को मजबूत करते हुए रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभा खोज परीक्षा के माध्यम से कक्षा 12 व स्नातक, परस्नातक की छात्राओं व आत्मनिर्भरता व स्वालंबन हेतु प्रेरणात्मक इस कार्यक्रम के द्वारा सभी प्रतिभागी बेटियों को सम्मानित करते हुए सभी को उपहार व ब्लॉक स्तर पर बनाई गई मेरिट के अनुसार 40 विजेताओं को स्कूटी का पुरस्कार प्रदान करते हुए उन सभी बेटियों के सम्मान में सहभोज का आयोजन होगा विधायक श्री गुप्ता ने बताया कि 21 नवंबर दिन रविवार को परीक्षाएं संपन्न होने के 10 दिनों बाद सम्मान समारोह आयोजित होगा जिसमें नारी शक्ति के प्रतीक देश प्रदेश की कई विभूतियों का आगमन होगा यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से ओत प्रोत होगा इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की आजादी से लेकर अब तक की तमाम मात्र शक्तियों को एक प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए बेटियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत अवसर प्रदान करेगा कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती सीमा पवार ने बताया कि 21 नवंबर को 11:00 बजे से शुरू होने वाली यह प्रतिभा खोज परीक्षा सराय अकिल के आदर्श इंटर कॉलेज, पंडित बनवारी लाल गौतम बालिका इंटर कॉलेज तिल्हापुर के कौशांबी डिग्री कॉलेज, मनौरी के दयानंद बालिका इंटर कॉलेज, चरवा में हरी राज कृष्णा महाविद्यालय सहित भरवारी के एन डी कॉन्वेंट व केपीएस विद्यालय में संपन्न होगी सभी परीक्षा केंद्रों से फार्म प्राप्त व वहीं पर जमा किए जा सकेंगे इस प्रेस वार्ता में कार्यक्रम के सह संयोजक मयंक मिश्रा ऋषि कुमार, प्रदुमन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# अवैध तरीके से चल रही प्रदर्शनी हटाए जाने की व्यापारियों ने की मांग

अखंड भारत संदेश



जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर वापस लौटते व्यापारी

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के डाइट मैदान में मेला प्रदर्शनी के नाम से प्राइवेट संस्था के लोगों द्वारा करोड़ों का अवैध व्यापार किया जा रहा है बताया जाता है कि मेला प्रदर्शनी के नाम पर व्यापार की आड़ में बड़े पैमाने पर जीएसटी टैक्स की चोरी संस्था के द्वारा की जा रही है मंझनपुर कस्बे के दर्जनों व्यापारी बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि डायट मैदान में मेला प्रदर्शनी के चलते मंझनपुर कस्बे के व्यापारियों का व्यापार चौपट हो रहा है व्यापारियों का कहना है कि मेला प्रदर्शनी में सामानों की बिक्री के दौरान बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की जा रही है उन्होंने कहा कि मेला प्रदर्शनी को नहीं बंद कराया गया तो व्यापारियों का व्यापार चौपट हो जाएगा जिससे उनके परिजनों के सामने रोटी की समस्या आ जाएगी इस मौके पर शिवेंद्र कुमार केसरवानी सभासद अनुराग केसरवानी पूर्व सभासद लईक अहमद महेश कुमार अशोक कुमार भानु केसरवानी मोहित गुप्ता ऋतिक केसरवानी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# प्रेमी और पुलिस से धोखा मिलने पर प्रेमिका ने किया चक्काजाम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को पड़ोस के युवक ने 2 वर्ष पूर्व अपने प्रेम प्रसंग मे फसा कर बहला फुसलाकर शादी का झूठा झांसा देकर कई बार शारीरिक सम्बन्ध बनाया। पीड़िता के बार-बार पूँछने पर कि शादी कब करोगे तो वह हीला हवाली करते हुए बात को टाल देता था। पीड़िता को दिनांक 12 नवंबर 2021 को दिल्ली अपने साथ चलने के लिए वह बोला। पीड़िता के मना करने पर युवक जहर खाने की धमकी देने लगा और अभद्र भाषा का प्रयोग कर बालिका के साथ जबरजस्ती वा मारपीट किया। प्रेमी युगल के बीच विवाद बढ़ने के बाद युवक ने बालिका से साफ शब्दों में कह दिया कि मैं तुझसे शादी नहीं करूंगा। मैं तुझे 40,000/- रूपया में बेचने लाया हूँ। पीड़िता यह सब सुनकर सन्न रह गयी और हाथ पैर जोडने लगी कि ऐसा न करें। पीड़िता के लाख मना करने पर प्रेमी का भाई गोलू ने गाली गलौच किया साथ ही लात घूसों से उसे मारा । पीड़िता वहाँ से किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग आयी और कानपुर पहुंच कर अपने घर वालों को फोन द्वारा अपनी आप बीती सुनाई। यह सुनकर पीड़िता के पिता व भाई कानपुर गये और पीड़िता को साथ घर ले आये। पीड़िता अपने ऊपर हुए घटना से सहम गयी है और अत्यन्त भयभीत है। जिसकी सूचना संबंधित थाना सराय अकिल में देने पर पुलिस ने वहां से भगा दिया जिसके बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ मिलकर प्रयागराज व कौशांबी मुख्यालय मार्ग पर चक्का जाम कर दिया जिसके बाद घंटों से अधिक जाम लगा रहा जिससे आने जाने वाले राहगीर व एंबुलेंस को घंटों से अधिक जाम में परेशानिया झेलनी पड़ी।

## राजकीय हाई स्कूल कशिया पश्चिम में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**कोखराज कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कशिया पश्चिम में स्थित राजकीय हाई स्कूल में विद्यालय की प्रधानाध्यापक का सविता त्रिपाठी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है मतदाता जागरूकता रैली मतदान के जागरूकता के प्रति नारे लगाते हुए कशिया पश्चिम गांव की गली गली घूमी और उन लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान शिक्षिकाओं ने कहा कि मतदान करने के अधिकार को लोग समझे और मतदान शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए तभी देश शक्तिशाली होगा इस मौके पर मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में तमाम ग्रामीण मौजूद रहे इस मौके पर राजकीय हाई स्कूल कशिया पश्चिम की शिक्षिकाओ और छात्र छात्राओं द्वारा मतदान की जागरूकता का सशक्त संदेश दिया गया इस मौके पर शिक्षिका श्रद्धा द्विवेदी प्रतिभा सिंह सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं गणमान्य व्यक्तियों के अलावा ग्रामवासी मौजूद रहे।

# वीरांगना ऊदा देवी ने स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों को चटाई थी धूल

**पवैया चक शहाबुद्दीनपुर में वीरांगना उदा देवी का मनाया गया शहादत दिवस**

अखंड भारत संदेश



कार्यक्रम में मौजूद पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र सोनकर व आम जनमानस

**कौशाम्बी मंझनपुर।** तहसील क्षेत्र के पवैया चक शहाबुद्दीनपुर में उदा देवी पासी के शहादत दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व निवर्तमान ब्लाक प्रमुख जितेंद्र कुमार सोनकर रहे। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर वीरांगना ऊदा देवी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित किया है। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी पुष्प अर्पित किया।

बता दें कि मंगलवार को पवैया चक शहाबुद्दीनपुर में वीरांगना उदा देवी पासी की शाहदत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र कुमार सोनकर रहे। उन्होंने कार्यक्रम में पहुँच कर उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित किया है। श्री सोनकर ने कहा की उदा देवी पासी एक भारतीय स्वतन्त्रता सेनानी थीं, जिन्होने 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय सिपाहियों की ओर से युद्ध में भाग लिया था।ये अवध के छठे नवाब वाजिद अली शाह के महिला दस्ते की सदस्य थीं। इस विद्रोह के समय हुई लखनऊ की घेराबंदी के समय लगभग 2000 भारतीय सिपाहियों के शरणस्थल सिकन्दर बाग पर ब्रिटिश फौजों द्वारा चढ़ाई की गयी थी और 16 नवंबर 1857 को बाग में शरण लिये इन 2000 भारतीय सिपाहियों का ब्रिटिश फौजों द्वारा संहार कर दिया गया था। जितेंद्र कुमार सोनकर ने आये हुए लोगो का आभार व्यक्त किया है इस मौके पर मुख्य रूप से राम सिंह, वंश राज यादव, इन्द्रनारायण सरोज, चंद्रावती धर्मराज सरोज आदि तमाम लोगो की उपस्थिति रही।

## गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में चलाए जा रहे अवैध गांजा के निर्माण एंव तस्करी के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जिले में दो अभियुक्तो को गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा एक अभियुक्त शारदा यादव उर्फ लम्बू पुत्र स्व० रामचन्द्र यादव निवासी महेवाघाट थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 550 ग्राम नाजायाज गांजा बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है

इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सोनू सरोज पुत्र जयराम सरोज निवासी जलालपुर बोरियो थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 750 ग्राम नाजायाज गाजा बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## सम्पादकीय

### महाराष्ट्र हिंसा

# सांप्रदायिक हिंसा रुके

जिस तरह से बांग्लादेश की घटनाओं की प्रतिक्रिया त्रिपुरा में देखने को मिली, उसे तत्काल पूरी ताकत से नियंत्रित करने की जरूरत थी। पुलिस ने हालांकि इसकी कोशिश की और उसे काफी हद तक कामयाबी भी मिली। इस शिकायत में कुछ सचाई भी दिखती है कि त्रिपुरा हिंसा के बारे में सोशल मीडिया पर बढ़ा-चढ़ाकर दावे किए गए। कई ऐसी फर्जी तस्वीरें और फेक विडियो चलाए गए, जिनका त्रिपुरा की मौजूदा स्थिति से कोई लेना-देना नहीं था। बांग्लादेश में हुई घटनाओं के विरोध में त्रिपुरा में भड़की हिंसा की खबरों ने महाराष्ट्र के अमरावती समेत कई जिलों में जिस तरह से कानून व्यवस्था के लिए चुनौती खड़ी कर दी, वह बताता है कि हम सांप्रदायिक रूप से बेहद संवेदनशील दौर से गुजर रहे हैं। सोशल मीडिया की भूमिका अक्सर ऐसी घटनाओं के असर को फैलाने का काम करती है। ऐसे में पुलिस, प्रशासन और कानून-व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियों की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। जिस तरह से बांग्लादेश की घटनाओं की प्रतिक्रिया त्रिपुरा में देखने को मिली, उसे तत्काल पूरी ताकत से नियंत्रित करने की जरूरत थी। पुलिस ने हालांकि इसकी कोशिश की और उसे काफी हद तक कामयाबी भी मिली। इस शिकायत में कुछ सचाई भी दिखती है कि त्रिपुरा हिंसा के बारे में सोशल मीडिया पर बढ़ा-चढ़ाकर दावे किए गए। कई ऐसी फर्जी तस्वीरें और फेक विडियो चलाए गए, जिनका त्रिपुरा की मौजूदा स्थिति से कोई लेना-देना नहीं था। कहीं और या काफी पहले हुई घटनाओं को त्रिपुरा की हालियां घटनाओं से जोड़कर सोशल मीडिया पर चलाया गया।

मगर यह नया चलन ही बन गया है। जब भी, कहीं ऐसी कोई घटना होती है तो उससे जुड़ी फर्जी तस्वीरें-विडियो ट्रेंड करने लगते हैं। ऐसे में पुलिस और स्थानीय प्रशासन को अपनी प्राथमिकता स्पष्ट रखनी चाहिए। अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, उसे पथराव, मारपीट या अन्य किसी तरीके से भंग करने की कोशिश कर रहे लोगों को सख्ती से रोकना उनका पहला काम होना चाहिए। त्रिपुरा पुलिस ने जिस तरह से ट्विटर पर सक्रिय लोगों और पत्रकारों के खिलाफ कड़ी धाराएं लगाईं, उससे यह राय मजबूत हुई कि पुलिस सच छुपाना चाहती है और इसीलिए लोगों का मुंह बंद करने का प्रयास कर रही है। गलत सूचनाओं को निष्प्रभावी बनाने का सबसे अच्छा उपाय यह है कि सही सूचनाओं को विश्वसनीय तरीके से सामने आने दिया जाए। लेकिन त्रिपुरा हिंसा को कवर करने आई महिला पत्रकारों के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद के एक सदस्य की शिकायत पर एफआईआर जैसे कदमों ने इस प्रक्रिया को बाधित ही किया। त्रिपुरा की खबरों पर महाराष्ट्र में हुई हिंसा और ज्यादा गंभीर है। अगर थोड़ी देर को यह दलील स्वीकार ली जाए कि रजा अकादमी को शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए इजाजत न देना लोकतांत्रिक मान्यताओं के खिलाफ होता, तो भी पुलिस को इतना अंदाजा तो होना ही चाहिए था कि शरारती तत्व मौजूदा माहौल में इन प्रदर्शनों का फायदा उठा सकते हैं। पुलिस और प्रशासन का काम हिंसा भड़काने की कोशिश में लगे लोगों का धर्म और उनकी राजनीति देखना नहीं, उन पर सख्ती से अंकुश लगाना होना चाहिए। महाराष्ट्र पुलिस इस मोर्चे पर कठिन सवालों से घिरी है। बहरहाल, कहने की जरूरत नहीं कि मौजूदा हालात में त्रिपुरा और महाराष्ट्र में हुई घटनाओं से सबक लेते हुए अन्य राज्यों को भी अपनी ओर से पूरी तैयारी रखनी चाहिए ताकि निहित स्वार्थी तत्वों को अपने मंसूबे पूरे करने का कोई मौका न मिल जाए।

# इन घटनाओं पर भी गौर करें

**इ.राजेश पाठक**

त्रिपुरा में बंगलादेशी मुसलमान और उनके धर्मालयों के विरूद्ध होने वाली हिंसा की अफवाह को लेकर जबकि महाराष्ट्र को मजहबी उन्मदीयों द्वार आग और तोड़फोड़ के हवाले किया जा रहा था, तो वहीँ चीन के हांथों पीड़ित उईघर मुसलमानों के पक्ष में बांग्लादेश में मानवाधिकार संगठन, सामाजिक संगठन और धार्मिक संगठनों के कई शहरों प्रदर्शन चल रहे थे. और, वो भी तब जबकि वहाँ रह रहे हिन्दु और उनके पूजा -स्थलों पर जमके हमले हुए ये अभी की ही बात है. स्वाभाविक है उनकी सुध लेने वाला बंगला देश में कोई नहीं. दुनिया किस ओर जा रही है ये इन घटनाओं से समझना आसान है. हिंदुत्व को लेकर अपनी तरह की व्याख्या से युक्त सलमान खुर्शीद की पुस्तक के विमोचन के अवसर पर पी चिदाम्बरम के साथ नजर आने वाले दिग्विजय सिंह को इस पर भी गौर करने की जरूरत है। हमारे एक और पड़ोसी मुल्क अफगानिस्तान की दास्तान भी अलग नहीं. मुस्लिम बहुसंख्यक अफगानिस्तान के बामियान में तालिबानियों ने किस प्रकार 1,400 वर्ष पुरानी भगवान बुद्ध की प्राचीन दुर्लभ मूर्तियाँ जमीदोज कर दी थीं उसको भूल पाना मुश्किल है. आगे बढ़ते हुए अब इन खंडित मूर्तियों को तालिबानी निशाने साधने के उपयोग के रूप में ले रहें हैं. ये खबर उस घटना के बाद आयी है जबकि कुछ दिन पूर्व काबुल में सिखों के ह्यकरता परवन गुरूद्वारेह्ल में तालिबान के अधिकारीयों नें हमला कर तोड़फोड़ करी, लोगों को बंधक बनाया. ये घटनाएं जिहादी मानसिकता को समझने के लिया काफी है।

पर ध्यान देने कि बात ये है कि भारत में लोगों के एक वर्ग नें अमेरिका के लौट जाने पर इसको अफगानिस्तान की आजादी, लोकतंत्र की बहाली बताया था. और आज जबकि पत्रकारों ; महिला अधिकारवादीयों झ खिलाड़ीयों -पॉप स्टारों झ कर्मचारीयों के बाद अब महिला मामले के मंत्रालय को बंद करते हुए छात्रोंओं पर भी प्रतिबन्ध धीरे-धीरे और कढ़े होते जा रहे हैं, देश ये जानना चाहता है कि उन तालिबानपरस्त भारतीय तबके के पास अब क्या कहना बाकि है. वैसे इस वर्ग की इस बात की भी तारीफ करनी होगी कि चाहे पाकिस्तान पोषित जिहाद हो, आईएसआई हो, तहरीके तालिबान हो, दाउद इब्रहिम हो इन को लेकर वे बड़ी मजबूती के साथ मौन धारण किये रहता है। पूरा देश जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद ३७० को हटाये जाने के पक्ष में है . फिर भी दिग्विजय उल्टा बयान देते हैं. जो कांग्रेस नेता मुस्लिमों के मसीहा बनकर तुष्टिकरण की राजनीति करना चाहते हैं वे सार्वजानिक बयानबाजी ना करें. चाहे तो अपने घर में उनकी उपासना पद्धति अपना लें. कांग्रेस में पहले मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति थी, लेकिन दिखावे के तौर पर. अब तो खुलेआम हिन्दू विरोधी बयान आ रहे हैं . इससे कांग्रेस को नुक्सान हो रहा है.ह्ल ये बयान किसी हिंदूवादी संगठन ने दिया है ये अनुमान लगाने की गलती न करें. इस बात को कभी कांग्रेस के अपने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य विश्वबंधू राय नें कही थी . लेकिन लगता है ये नसीहत दिग्विजय सिंह पर बेअसर साबित हुई है। मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले नें कुछ महीनें पूर्व खूब सुर्खियाँ बटौरी थीं. घटना पेरम्बलूर जिले के कड़तूर गाँव की है, जहां मुसलमानों की आपत्ति के कारण चार प्राचीन मंदिरों से निकलने वाली रथ यात्राओं के मार्ग को सीमित कर दिया गया था. हिदुओं को ये अधिकार पुनः तब ही जाकर मिल सका जब उन्होंने हाई कोर्ट में शरण ली और यात्रा के अपने पुराने मार्ग को बहल करने के कोर्ट ने आदेश पारित किये. दो वर्ष पूर्व श्रीलंका जिहादी हमले की घटनाओं से दहल उठा था. श्रीलंका में सक्रीय मुस्लिम तौहीद जमात का इस हमले में शामिल होने के सबूत खुफिया पुलिस के हाँथ लगे थे . तौहीद जमात की दक्षिण भारत में भी जड़ें काफी मजबूत हैं. मूर्ती-पूजा को ह्यशिर्कह्ल(पाप) बताते हुए इसको खत्म कर ह्य शरिया-निजामह्ल को तमिलनाडु में स्थापित करने कि एक शपथ तौहीद जमात की २०१६ में एक विशाल रैली निकाल कर ली गयी थी. रैली के पोस्टर पूरे तमिलनाडु और विशेषकर वहां के मंदिरों के आसपास बड़ी मात्रा में लगाये गए थे. इस तथा-कथित शिर्क के खिलाफ निकाले जाने वाली रैलीयां तमिलनाडु में अब आम बात हो चुकी है. इस सूरते-हाल में कोई ये बताने की कोशिश करे कि देश में अल्पसंख्यकों के साथ ह्यनाइंसाफीह्ल होती है, तो इसके विरुद्ध आवाज तो उठेगी ही. और वही अब कांग्रेस में भी होने लगा है. इसलिए सलमान खुर्शीद की फजिअत कांग्रेसी भी बढ़ाते दिख रहे हैं।

# ड्रैगन का जवाब है एस-400 एंटी मिसाइल सिस्टम

**हर्ष वी. पंत**

एस-400 जैसा अत्याधुनिक सुरक्षा सिस्टम हासिल करना हमारी सुरक्षा के लिए बहुत अहम है क्योंकि हमारे पश्चिमी मोर्चे पर शक्ति संतुलन बदल रहा है। चीन वहां अपने अत्याधुनिक हथियारों के साथ खड़ा है, और उसकी मिसाइलों के निशाने भी बदले हैं। जिस तरह से वह भारत को टारगेट बनाने की ओर मुड़ रहा है, भारत को ऐसे ही डिफेंस सिस्टम की जरूरत थी। रूस से इसे लेने की अहमियत यूं भी बढ़ जाती है कि रूस ने बहुत कम देशों को हथियार दिए हैं, और उसका ये डिफेंस सिस्टम दुनिया में सबसे एडवांस माना जाता है। ऐसा सिस्टम किसी और देश के पास नहीं है। इसकी खरीद पर जब अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की बात कही थी तो भारत ने यही कहा कि नैशनल सिक्यॉरिटी से कोई समझौता नहीं हो सकता। अगर आप भारत के पश्चिम या पूरब की ओर शक्ति संतुलन देखें तो दोनों ओर बहुत हालात खराब हैं। दोनों ही तरफ से दुश्मन देश भारत पर एग्रेसिव टारगेटिंग कर रहे हैं। ऐसे में अगर भारत के पास ऐसा एयर डिफेंस सिस्टम आता है तो दुश्मन देशों का काम थोड़ा मुश्किल हो जाता है। उसे देखते हुए यह तकनीकी तौर पर महत्वपूर्ण तो है ही, राजनीतिक दृष्टि से भी खासा अहम हो जाता है। इस खरीद से रूस और भारत दुनिया को संकेत दे रहे हैं कि दोनों ही देश अपनी रणनीतिक साझेदारी को कम नहीं आंक रहे। कई बार ऐसा कहा गया कि पिछले कुछ सालों में भारत और रूस का एक-दूसरे के लिए महत्व कम होता जा रहा है। इसमें कुछ हद तक तो सचाई है। लेकिन एस-400 वाली तकनीक देकर रूस दुनिया को बता रहा है कि वह भारत के साथ रिश्तों को कम नहीं करने वाला।दूसरी ओर भारत भी अमेरिका के साथ रिश्ते बढ़ा रहा है। अमेरिका में जिस तरह से रूस को लेकर एक अंदरूनी विवाद और बहस है, उसके चलते कई लोग इस पर सवाल जरूर उठाएंगे। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि अमेरिका की टॉप लेवल लीडरशिप को भारत यह समझाने में सफल हुआ है कि भारत की चीन के साथ जो तनातनी चल रही है, उसमें यह बहुत महत्वपूर्ण मशीन है। अगर आप देखें कि ज्यादातर प्रेशर अमेरिकी कांग्रेस से बना है। यह विवाद काफी लंबे समय से चल रहा है। ट्रंप के वक्त भी यह विवाद था और उस समय ट्रंप प्रशासन ने भारत का साथ दिया था। उसी तरह आज भी बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन चाहता है कि एक सक्षम भारत उनके हित में है। ऐसा भारत जो चीन के खिलाफ खड़ा हो पाए, वह उनके हित में है। भारत भी यही समझाने में बड़े स्पष्ट तरीके से कामयाब हुआ है। हमने पिछले कुछ महीनों में यह भी देखा कि कई सीनेटर्स और कांग्रेस मेंबर्स ने चिट्ठी लिखी है कि भारत को एस- 400 वाले कानून से अलग रखा जाए और उस पर प्रतिबंध न लगे। वहां पर एक तरह का माहौल बन रहा है कि भारत एक महत्वपूर्ण एक्टर है। जहां तक अमेरिका की हिंद प्रशांत और चीन नीति का सवाल है, उसे देखते हुए भारत पर अगर किसी प्रकार का दबाव बनाया गया, या किसी तरह का प्रतिबंध लगाया गया, तो वह अमेरिका के हित में नहीं होगा। अब किस तरह से अमेरिका की अंदरूनी राजनीति इस मामले को देखती है, वह देखना इंटरेस्टिंग होगा। पहले तो यह थ्योरिटिकल था, लेकिन अब ऑपरेशनल सवाल है, क्योंकि अब एस-400 की डिलिवरी शुरू हो गई है। इसे देखते हुए मुझे लगता है कि काफी ऐसी आवाजें होंगी, जो यह नहीं चाहेंगी कि भारत के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाए। अमेरिकन एग्जीक्यूटिव्स में भी इसे लेकर भारत के खिलाफ कोई बहुत ज्यादा हलचल हमें देखने को नहीं मिलेगी। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन के जमाने से ही जबसे एस-400 का मुद्दा चला है, तबसे भारत बात कहता आ रहा है कि वह इसे नजरअंदाज नहीं कर सकता है क्योंकि मिसाइल डिफेंस तकनीक में यह दुनिया की सबसे बेहतरीन तकनीक है। फिर हमको इसकी जरूरत है। अगर इसकी तकनीक भारत के पास आती है तो इससे वह अपने हितों की रक्षा करने में और ज्यादा सक्षम होगा। इसको देखते हुए भारत ने यह बात भी कही कि यह अमेरिका के लिए भी अच्छा होगा, क्योंकि अगर भारत की सैन्य शक्ति चीन जैसे देश के खिलाफ खड़ी हो पाए, तो उससे अमेरिका पर भी प्रेशर कम होगा। मुझे लगता है कि यहां पर समझाने में भारत कुछ हद तक सफल भी हुआ है। लेकिन यह जरूर है कि जिस तरह से राजनीतिक और रणनीतिक स्थितियां हमारे क्षेत्र में बदल रही हैं, उसमें अमेरिका को इस बारे में एक रणनीतिक रोडमैप बनाना पड़ेगा कि उसका क्या रोल होगा अमेरिका रूस और चीन दोनों को एक साथ टारगेट कर रहा है। बार-बार यह बात उठती है कि चीन अमेरिका का सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक प्रतियोगी है, लेकिन जहां तक अमेरिका की अंदरूनी राजनीति का सवाल है, वहां पर रूस का बहुत महत्वपूर्ण रोल है। जो डेमोक्रेट्स हैं, वे समझते हैं कि रूस ने ट्रंप के इलेक्शन में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसलिए वहां पर जो अंदर की गहमागहमी है, वह उनकी विदेशी नीति में झलकती है। वहां एक पशोपेश है कि कैसे वे इस कंट्रोल को तोड़ पाएंगे, अगर वे दोनों को ही चैलेंज कर रहे हैं। लेकिन भारत के लिए यह बिल्कुल साफ है कि उसके लिए सबसे बड़ा चैलेंज इस समय सीमा पर है। चीन तो खड़ा ही है, उसके साथ पाकिस्तान का गठजोड़ भी है। ऐसे में सवाल था कि अपनी सीमाओं पर उसका कैसे आधुनिक हथियारों के साथ मुकाबला करना है, और कैसे चीन और पाकिस्तान में हुए तकनीक के गठजोड़ को तोड़ा जाए। ऐसे में बिना शक भारत को इस तकनीक की जरूरत है। अब इस पर अमेरिका चाहे परेशान हो, चाहे वह कोई प्रतिबंध भी लगाए, लेकिन भारत ने अपना रुख बिलकुल स्पष्ट कर दिया है।

# दल बदलने वालों का नया ठिकाना बन रही है समाजवादी पार्टी, अखिलेश यादव का जोश हाई

**अजय कुमार**

एक दल के ज्यादातर बड़े चेहरों का बागी हो जाना पार्टी के जनाधार के लिए भारी नुकसान है। कभी यूपी में सबसे ज्यादा सुरक्षित वोट बैंक वाली पार्टी बसपा कही जाती थी, लेकिन 2016 से बसपा में जो भगदड़ मची है, वो थमने का नाम नहीं ले रही है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां शुरू हो चुकी हैं। हर पार्टी जीत का दावा कर रही है। सभी राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर अपने-अपने समर्थकों के साथ माहौल बनाने में जुटे हैं। हवा का रूख भांप कर कुछ नेता पाला भी बदल रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी ह्यमारह्ल बहुजन समाज पार्टी (बसपा) पर देखने को मिल रही है। एक-एक कर बसपा के दिग्गज नेता पार्टी छोड़ते जा रहे हैं, लेकिन इसमें से अधिकांश नेताओं का नया ठौर-ठिकाना समाजवादी पार्टी ही बन रही है। इससे अखिलेश यादव एवं उनके कार्यकताओं का जोश हाई है, वहीं बसपा सुप्रीमों मायावती बिफरी हुई हैं। वह समाजवादी नेताओं को अपने हिसाब से आईना दिखाते हुए यह समझाने में लगी हैं कि सपा उन बसपा नेताओं को गले लगा रही है जिनको उन्होंने उनकी हरकतों के चलते हाशिये पर डाल दिया था। कुछ नेताओं को तो पार्टी से बाहर का रास्ता तक दिखाया दिया गया था। जिस तरह से बसपा नेता पार्टी से किनारा कर रहे हैं, उससे बसपा के वोटर और दलित चिंतक भी हैरान-परेशान हैं। इनको लगता है कि ऐसा ही माहौल रहा तो बसपा के कोर वोटर समझे जाने वाला मतदाता भी नेताओं की तरह दूसरे दलों का दामन थाम सकते हैं। यह बात हवा में नहीं कही जा रही है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने दलित वोटरों को लुभाने के लिए रणनीति बनाकर उसको अमली जामा पहनाना भी शुरू कर दिया है।

देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में सत्ताधारी भाजपा अपनी लंबित योजनाओं के शिलान्यास और घोषणाओं के जरिए लोगों तक पहुंचने में तो जुटी ही है। इसके अलावा उसके द्वारा दलित वोटरों को भी लुभाने के लिए दलित समाज के महापुरुषों का महिमामंडन करने के साथ उनके नाम पर सड़क और परियोजानाओं के नाम भी रखे जा रहे हैं। वहीं सपा, बसपा, कांग्रेस सहित अन्य दल जनसभाओं, प्रदर्शनों के साथ दलितों के बीच अपनी ताकत बढ़ाने में लगे हैं। इसीलिए दलित उत्पीड़न की छोटी से छोटी घटना को बढ़ा-चढ़ाकर हाय-तौबा मचाई जा रही है।

खैर, सियासत में दल बदल करना नई बात नहीं है, लेकिन एक दल के ज्यादातर बड़े चेहरों का बागी हो जाना पार्टी के जनाधार के लिए भारी नुकसान है। कभी यूपी में सबसे ज्यादा सुरक्षित वोट बैंक वाली पार्टी बसपा कही जाती थी, लेकिन 2016 से बसपा में जो भगदड़ मची है, वो थमने का नाम नहीं ले रही है। बसपा से टूट के बाद बड़े नेताओं ने भाजपा, सपा, कांग्रेस में अपनी जगह बनाई है। बीते विधानसभा चुनाव में कई बड़े नेता भाजपा में शामिल हुए। बसपा में कई नेता पार्टी से अलग हुए हालांकि दलित वोट बैंक पर मायावती की पकड़ इतनी मजबूत रही कि पार्टी सब चेहरों से हमेशा भारी रही। अब ऐसा नहीं है, बसपा से पहली कतार के सभी नेताओं ने बगावत कर अपना रास्ता बना लिया। बहुजन समाज पार्टी से अलग होने वाले दिग्गज नेताओं के नामों की फेहरिस्त लंबी है। बीते सात सालों में ऐसे पार्टी नेताओं ने मायावती का साथ छोड़ा जिनके जाने से पार्टी का एक धड़ा पूरी तरह से टूट गया। कभी पार्टी में नंबर दो की हैसियत रखने वाले पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दकी, पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, पूर्व मंत्री इंद्र जीत सरोज, पूर्व मंत्री केके गौतम, पूर्व मंत्री आरके चौधरी, पूर्व विधायक गुरु प्रसाद मौर्या, पूर्व विधायक प्रवीन पटेल, पूर्व विधायक दीपक पटेल, पूर्व मंत्री रामअचल राजभर, पूर्व मंत्री लालजी वर्मा, पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया, पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी, पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा ऐसे सैंकड़ों नाम हैं, जो पार्टी छोड़ गए। बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आरएस कुशवाहा ने बीते दिनों हाथी की सवारी छोड़कर साइकिल पर चलना मुफीद समझा। उन्होंने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है। मुजफ्फरनगर से बहुजन समाज पार्टी के पूर्व सांसद कादिर राणा भी समाजवादी पार्टी की साइकिल पर सवार हो लिए हैं। इन नेताओं ने पार्टी छोड़ते हुए बसपा पर अपने मूल सिद्धांतों से समझौते का आरोप लगाया है। हालांकि बहुत दिनों बाद पार्टी से अलग होने वाले नेताओं ने मायावती पर पैसे की वसूली का आरोप नहीं लगाया। आरएस कुशवाहा बसपा ही नहीं, अपनी बिरादरी के बड़े चेहरे माने जाते थे। 30 साल तक बहुजन समाज पार्टी में काम करने के बाद उन्होंने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है। आज की तारीख में बसपा में सतीश चन्द्र मिश्रा को छोड़कर पूरा मंच खाली है। बसपा से अलग हुए ओबीसी और दलित वोटों पर भाजपा और सपा बराबर नजर लगाए हैं। यूपी में ओबीसी और दलित वोट बैंक पर अपनी नजर जमाए भाजपा और संघ भी इस मुहिम में जुटे हैं कि कैसे दलित वोट अपने खेमे में किया जाए। सूत्रों की मानें तो संघ के पिछड़े चेहरों को मैदान में उतार दिया गया है जो गोष्ठियों और जनसंपर्क कर सरकार की योजनाएं समझा रहे हैं। प्रदेश में दलित वोट बैंक लगभग 20 से 22 फीसदी है, जिसको साधने में भाजपा सफल हुई तो आने वाले चुनाव में एक बार फिर उसके लिए सत्ता आसान होगी। भाजपा का दावा रहा है की बीते चुनाव में ओबीसी और दलित वोट बड़े पैमाने में उनके खेमे में गए थे। बात समाजवादी पार्टी की कि जाए तो वह भी बसपा के कोर वोटबैंक पर निगाह लगाए हुए है। प्रयास यही है कि दलित वोटरों को किसी न किसी तरह अपने पाले में कर लिया जाए। इसके लिए सपा द्वारा नए सिरे से रणनीति बनाई गई है। इसकी शुरूआत सुरक्षित 85 सीटों से की गई है। इन सीटों पर बाबा साहब के सपनों को पूरा करने का संकल्प दिलाया जा रहा है। इसकी जिम्मेदारी कभी कांशीराम के नजदीकी रहे और वर्तमान में सपा में आए पूर्व कैबिनेट मंत्री केके गौतम को सौंपी गई है।

सपा की ओर से विभिन्न जातियों पर फोकस करते हुए यात्राएं निकाली जा चुकी हैं। सपा के रणनीतिकार दलित जातियों में बसपा का कोर वोट बैंक रहे जाटव बिरादरी को अपनी विजय यात्रा के लिए जरूरी मानते हैं क्योंकि दलित जातियों में पासी, सोनकर, धोबी आदि जातियां सपा और भाजपा दोनों के साथ रही हैं, लेकिन बसपा के लिए यह अच्छी खबर है कि करीब 12 फीसदी भागीदारी वाली जाटव बिरादरी अभी भी पूरी मजबूती से मायावती के साथ डटी है। उधर, समाजवादी पार्टी इसी वोट बैंक में सेंधमारी में फिराक में है। सपा चाहती है कि इस वोट बैंक के अपने पाले में आने से उसकी गठरी भारी होगी। इसी रणनीति के तहत जाटव बिरादरी के नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। पहले चरण में प्रदेश की 85 सुरक्षित सीटों पर फोकस किया गया है। इन सीटों की जिम्मेदारी पूर्व कैबिनेट मंत्री केके गौतम को सौंपी गई है। पूर्व मंत्री गौतम कभी बसपा के कैडर प्रशिक्षक रहे हैं। कांशीराम से लेकर मायावती के जमाने में भी उनकी संगठनात्मक हनक रही है। अब वह सपा के साथ हैं। उनके आने से पार्टी को दोहरा फायदा हो रहा है। एक तो वह जाटव बिरादरी से हैं। दूसरी तरफ वह बसपा के काडर रहे हैं। ऐसे में वह दलितों की नब्ज को भी अच्छे से समझते हैं। वह बिना मायावती पर निशाना साधे बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के सपने को साकार करने का संकल्प दिला रहे हैं। वह यह भी समझाते हैं कि बदली परिस्थितियों में समाजवादी पार्टी को सत्ता में लाना क्यों जरूरी है वह सीतापुर जिले के मिश्रिख, फरुर्खाबाद के कायमगंज, कन्नौज, हरदोई के सांडी, रायबरेली के बछरावां, प्रयागराज के कोराव, सोरांव, फतेहपुर के खागा आदि सुरक्षित सीटों पर सम्मेलन कर चुके हैं। हर क्षेत्र में सम्मेलन के बाद वह अपनी टीम के साथ जाटव बिरादरी के कार्यकताओं के घर जाकर चौपाल लगा रहे हैं। इस चौपाल में भी सपा के लिए जाटव बिरादरी का साथ मांगा जा रहा है। फिलहाल यह कसरत कितनी कारगर होगी, यह तो समय बताएगा।

## भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी को सरकार की नाकामियों पर भी चर्चा करनी चाहिए थी

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी को सरकार की नाकामियों पर भी चर्चा करनी चाहिए थी पोप से भेंट गोवा और मणिपुर के ईसाई वोटरों को फुसलाए बिना नहीं रहेगी और केदारनाथ-यात्रा का असर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मतदाताओं पर पड़े बिना नहीं रहेगा। मोदी का यह कदम सामयिक और सार्थक है, क्योंकि राजनीति में वोट और नोट– ये ही दो बड़े सत्य हैं। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक अब लगभग दो साल बाद हुई, जबकि उसे हर तीसरे महीने होना चाहिए था। उसे नहीं करने का बहाना यह बनाया गया कि कोरोना महामारी के दौरान उसके सैंकड़ों सदस्य एक जगह कैसे इकट्ठे होते एक जगह इकट्ठे होने के इस तर्क में कुछ दम नहीं है, क्योंकि जैसे अभी आडवाणीजी, जोशीजी और कई मुख्यमंत्रियों ने घर बैठे उस बैठक में भाग ले लिया, वैसे ही सारे सदस्य ले सकते थे। लेकिन अब आनन-फानन यह बैठक कुछ घंटों के लिए बुलाई गई, यह बताता है कि हाल ही में हुए उप-चुनावों ने भाजपा में चिंता पैदा कर दी है। यह कोई संयोग मात्र नहीं है कि नरेंद्र मोदी इतनी ठंड में गर्म कपड़े लादकर केदारनाथ गए और वेटिकन में जाकर पोप से गल-मिलव्वल करते रहे। इन तीनों घटनाओं– कार्यकारिणी की बैठक, पोप से गल-मिलव्वल और केदारनाथ की प्रचारपूर्ण यात्रा– का सीधा संबंध पांच राज्यों के आगामी चुनावों से है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के चुनाव अगले कुछ माह में ही होने वाले हैं। पोप से भेंट गोवा और मणिपुर के ईसाई वोटरों को फुसलाए बिना नहीं रहेगी और केदारनाथ-यात्रा का असर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मतदाताओं पर पड़े बिना नहीं रहेगा। मोदी का यह कदम सामयिक और सार्थक है, क्योंकि राजनीति में वोट और नोट– ये ही दो बड़े सत्य हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को खास तौर से दिल्ली बुलाकर असाधारण महत्व इसीलिए दिया गया है कि यदि उ.प्र. हाथ से खिसक गया तो दिल्ली की कुर्सी भी हिलने लगेगी। खुद गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि यदि आप 2024 में मोदी को दिल्ली में तिबारा लाना चाहते हैं तो पहले योगी को लखनऊ में दुबारा लाकर दिखाइए। कार्यसमिति की इस बैठक में सभी वक्ताओं ने पिछले दो साल की सरकार की उपलब्धियों पर अपने-अपने ढंग से प्रकाश डाला। किसी भी वक्ता ने यह नहीं बताया कि सरकार कहां-कहां चूक गई सभी मुद्दों पर खुली बहस का सवाल तो उठता ही नहीं है। कांग्रेस हो या भाजपा, इन दोनों महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पार्टियों में आंतरिक बहस खुलकर होती रहे तो भारतीय लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। भाजपा सरकार के मंत्रियों और कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों ने भी कोरोना महामारी के दौरान काफी लगन से काम किया, केंद्र सरकार ने कमजोरों की मदद के भी कई उपाय किए लेकिन विदेश नीति और अर्थ नीति के मामलों में कई गच्चे भी खाए। इन सभी मुद्दों पर दो-टूक बहस की बजाय भाजपा कार्यकारिणी ने अपना सारा जोर पांच राज्यों के आसन्न चुनावों पर लगा दिया। यह जरूरी है लेकिन इससे भी ज्यादा जरूरी यह था कि देश भर से आए प्रतिनिधि सरकार के कार्यों की स्पष्ट समीक्षा करें और भविष्य के लिए रचनात्मक सुझाव दें।

**-डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

## इंसानों के लिए दूसरी धरती तलाशने की मुहिम में लगे अंतरिक्ष यात्री

स्पेसएक्स क्रू मिशन-2 के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 6 महीने बिताकर 4 अंतरिक्ष यात्री धरती पर सुरक्षित लौट आए। भारतीय समय के अनुसार सभी ने 9 नवंबर मंगलवार को सुबह मैक्सिको की खाड़ी में लैंडिंग की, इनमें नासा के दो अंतरिक्ष यात्री कमांडर शेन किंब्रू और पायलट मेगन मैकआर्थर थे, उनके साथ जापान के अकिहितो होशिदे और फ्रांस के थॉमस पेस्केट भी थे। एक दिन बाद ही यानी 10 नवंबर को खराब मौसम सहित कई अन्य कारणों से काफी विलंब के बाद स्पेसएक्स का रॉकेट 4 अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हो गया। अंतरिक्ष के लिए रवाना होने वाले इन चार अंतरिक्ष यात्रियों में जर्मनी के मैथायस मौरर (600 वें अंतरिक्ष यात्री), नासा के भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक राजा चारी, जो मिशन कमांडर हैं, अमेरिकी नौसेना सबमरीन अधिकारी और परमाणु इंजीनियर कायला बैरन तथा टीम के नामित पायलट और सेकेंड इन कमांड थॉमस मार्शबर्न हैं। ये अंतरिक्ष यात्री लगभग 22 घंटे की उड़ान के बाद 11 नवंबर को पृथ्वी से करीब 250 मील यानी 400 किलोमीटर की दूरी पर अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे, जहां इनका स्वागत अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर पहले से मौजूद तीन अंतरिक्ष यात्रियों, यानी एक अमेरिकी और दो रूसी अंतरिक्ष यात्रियों (शकाप्लेरोव व डबरोव) ने किया। इस मिशन को क्रू-3 नाम दिया गया है। ये सभी अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर 6 महीने तक रहेंगे। चीन के तीन अंतरिक्ष यात्री भी इस समय अपने निमार्णाधीन अंतरिक्ष केंद्र पर हैं। वे वहां 6 महीने के मिशन पर हैं। इस मिशन को झाई झिगांग कमांड कर रहे हैं। चीन की महिला अंतरिक्ष यात्री वांग यापिंग ने 8 नवंबर को तड़के करीब साढ़े छह घंटे तक अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर निकलकर अंतरिक्ष में चहलकदमी करके एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। वांग और झिगांग के स्पेस वॉक के समय तीसरे सहयोगी अंतरिक्ष यात्री ये ग्वांगफू मॉड्यूल के अंदर से उन्हें जरूरी मदद मुहैया करा रहे थे।

वर्तमान में अंतरिक्ष में पृथ्वी की कक्षा में सिर्फ एक ही स्पेस स्टेशन है, ये अंतरिक्ष में कम ऊंचाई पर पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा है। यहां 19 देशों के 241 अंतरिक्ष यात्री औसतन 6-6 महीने तक रहने के लिए आते हैं। ये स्पेस स्टेशन आधुनिक वैज्ञानिक प्रयोगशाला की तरह है। जिस पर यात्री, अंतरिक्ष में रहने के तरीके, ब्रह्मांड की उत्पत्ति और अन्य वैज्ञानिक रिसर्च करते हैं। इसे अमेरिका और रूस सहित 16 ताकतवर देशों ने मिलकर 120 मिलियन डॉलर की लागत से तैयार किया है। अंतरिक्ष में जाने से पहले अंतरिक्ष यात्रियों को महीनों या सालों तक ट्रेनिंग दी जाती है। आईएसएस पर हर समय कम से कम 6 अंतरिक्ष यात्री रहा करते हैं। आईएसएस 27,580 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सफर करता है। इसके 10 खास मॉड्यूल में सोने का बंकर, बाथरूम, लैब और एक छोटा जिम भी होता है। अंतरिक्ष यात्री यहां रहकर माइक्रोग्रैविटी की चुनौती को समझने और उसमें महारत हासिल करने की कोशिश करते हैं, क्योंकि अगर हम अपने सौरमंडल के अलग ग्रह पर बसना चाहते हैं तो गुरुत्वाकर्षण को समझना और उसे अपने उपयोग में लाना बेहद आवश्यक है। 17 महीने से अधिक अंतरिक्ष केंद्र पर रहने वाले स्कॉट केली की लंबाई 2 इंच बढ़ गई थी, क्योंकि माइक्रोग्रैविटी में कम दबाव ने उनकी रीढ़ की हड्डी को फैला दिया था, लेकिन पृथ्वी पर लौटने के बाद उनकी लंबाई फिर से सामान्य हो गई। आईएसएस में प्रयोग किया जाने वाला पानी 94 प्रतिशत रिसाइकल वाला होता है। अंतरिक्ष यात्रियों के प्रमुख काम स्पेस का अध्ययन और प्रयोग, स्पेस सेंटर का रखरखाव, व्यायाम करना, स्टेशन के बाहर स्पेस वॉक करना, अपने इलेक्ट्रॉनिक कंप्यूटर या पैड के जरिए धरती पर मौजूद वैज्ञानिकों से संपर्क स्थापित करके मिशन के बारे में जानकारी शेयर करना आदि हैं। स्पेस में गुरुत्वाकर्षण न होने के कारण वह चल नहीं सकते केवल तैरते रहते हैं। ऐसे में रोजमर्रा के जरूरी काम निपटाना भी बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण होता है। इन्हें हड्डियों व मांसपेशियों से जुड़ी कई समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में 7 अंतरिक्ष यात्री व चीन के निमार्णाधीन अंतरिक्ष केंद्र के कोर माड्यूल तियान्हे में तीन चीनी अंतरिक्ष यात्री हैं।

**-रंजना मिश्रा**

# भारत ने लिया टी-20 वर्ल्ड कप की हार का बदला, रोमांचक मैच में न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया




**जयपुर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मैच आज जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने मार्टिन गप्टिल के 70 और मार्क चैपमैन के 63 रनों की पारी की बदौलत 6 विकेट पर 164 रन का स्कोर बनाया, जिसे भारत ने सूर्यकुमार यादव के 62 रन और कप्तान रोहित शर्मा के 48 रनों की पारी की बदौलत दो गेंद शेष रहते पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऋषभ पंत ने 17 गेंदों पर नाबाद 17 रनों की अहम पारी खेली। इस जीत के साथ ही भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में न्यूजीलैंड से मिली हार का बदला भी ले लिया है। भारत ने अब तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की लीड ले ली है। भारत की न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 टी20 इंटरनेशनल मैचों में यह नौवीं जीत है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ चमके रोहित शर्मा-सूर्यकुमार, भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बनाई बढ़त

**नई दिल्ली।** भारत ने न्यूजीलैंड को पहले टी-20 मैच में 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने 165 रनों के लक्ष्य को 19.4 ओवर में हासिल कर लिया। भारत को आखिरी ओवर में जीतने के लिए 10 रनों की जरूरत थी। डैरिल मिचेल ने अपने ओवर की दूसरी गेंद पर वेंकटेश अय्यर को 4 रन पर आउट कर दिया। पंत ने मिचेल के ओवर की चौथी गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। न्यूजीलैंड की तरफ से तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने 2 विकेट लिए। उनके अलावा टिम साउदी, मिचेल सैंटनर और डैरिल मिचेल को एक-एक




विकेट मिला। भारत को केएल राहुल और नए कप्तान रोहित शर्मा ने तेज शुरूआत दिलाई। इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 50 रनों की पार्टनरशिप हुई। केएल राहुल 15 रन बनाकर आउट हुए। उनका विकेट मिचेल सैंटनर ने लिया। राहुल के आउट होने के बाद भारत की पारी को रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने संभाला। रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेलते हुए 48 रन बनाए। 36 गेंदों में खेली गई अपनी इस पारी में उन्होंने 5 चौके और दो छक्के जड़े। उनका विकेट 13.2 ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने लिया। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने एक और से तेज गति से रन बनाने जारी रखे। सूर्यकुमार यादव ने 40 गेंदों में 62 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके ओर तीन सिक्स जड़े। उनका विकेट बोल्ट ने लिया। उन्होंने ,सूर्यकुमार को क्लीन बोल्ड किया। विकेटकीपर ऋषभ पंतं 17 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की तरफ से टी-20 में डेब?ू करने वाले वेंकटेश अय्यर 4 रन बनाकर और श्रेयस अय्यर 5 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 164 रन बनाए। डेरिल मिचेल पारी के पहले ओवर में भुवनेश्वर कुमार की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए। मिचेल का खाता भी नहीं खुला। मार्टिन गप्टिल और चैपमैन के बीच दूसरे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की। पारी के 14वें ओवर में ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चैपमैन और ग्लेन फिलप्सि को आउट कर भारत की मैच में वापसी कराई। चैपमैन ने 50 गेंदों पर 63 रन बनाए। अपनी इस पारी में उन्होंने छह चौके और दो छक्के लगाए। फिलप्सि का खाता नहीं खुला। मार्टिन गप्टिल 42 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 70 रन बनाकर दीपक चाहर का शिकार बने। वह 18वें ओवर में आउट हुए जिससे न्यूजीलैंड 180 के पास नहीं पहुंच सका। भारत ने आखिरी पांच ओवर में 41 रन देकर तीन विकेट लिए।

# स्मृति मंधाना ने सेंचुरी जड़कर रचा इतिहास, बिग बैश लीग में ऐसा करने वाली भारत की पहली क्रिकेटर बनीं

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बैटर स्मृति मंधाना ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में इतिहास रच दिया है। वो महिला बिग बैश लीग में सेंचुरी जड़नी वाली पहली इंडियन प्लेयर बन गई हैं। स्मृति मंधाना ने बुधवार को नाबाद 114 रन की रिकॉर्ड पारी खेली, लेकिन इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद उनकी टीम सिडनी थंडर्स मैच हार गई। मंधाना को अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए आखिरी गेंद पर एक छक्का जड़ने की जरूरत थी लेकिन वह भारत की टी-20 कप्तान हरमनप्रीत कौर की गेंद पर ऐसा नहीं कर सकीं और मेलबर्न रेनेगेड्स ने चार रन की जीत से सिडनी थंडर्स को फाइनल की दौड़ से बाहर कर दिया। मंधाना ने 64 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और तीन छक्के



जमाए और डब्ल्यूबीबीएल इतिहास में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एशले गार्डनर के सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोर की बराबरी की। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने अपनी इस पारी से थंडर्स को जीत से महज एक छक्का दूर कर दिया लेकिन वह हरमनप्रीत की अंतिम गेंद पर छक्का नहीं जड़ सकीं जिससे उनकी टीम ने दो विकेट पर 171 रन बनाए। पिछली बार की चैम्पियन को फाइनल के लिए अपनी मामूली सी उम्मीद जीवंत रखने के लिये एक उलटफेर भरी जीत दर्ज की जरूरत होगी। टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसने पावरप्ले के अंदर सैमी जो जानसन (12) और फोएबे लिचफील्ड (01) के विकेट गंवा दिए। ताहिला विल्सन के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिलने से मंधाना ने 33 गेंद में सीजन का अपना तीसरा अर्धशतक जड़ दिया लेकिन तब टीम को अंतिम पांच ओवर में 63 रन की दरकार थी। मंधाना ने आक्रामकता दिखाते हुए 18वें ओवर में होली फरलिंग पर 24 रन बना डाले। इसके बाद उन्होंने अपना शतक 57 गेंद में पूरा कर दिया, पर टीम को जीत के लिये अंतिम दो ओवर में 22 रन चाहिए थे। रेनेगेड्स की कप्तान सोफी मोलिन्यू ने 19वें ओवर में महज नौ रन गंवाए और मंधाना को आखिरी ओवर में अपनी राष्ट्रीय कप्तान हरमनप्रीत की आफ स्पिन का सामना करना था। दो बार फील्डर्स की भूल का फायदा उठाने वाली मंधाना अंतिम गेंद पर छक्का जड़ने से महरुम रह गयी, वर्ना उनकी टीम की जीत सुर्खियों में छा जाती।

## आईपीएल में धमाल मचाने वाले वेंकटेश अय्यर ने टीम इंडिया की तरफ से किया डेब्य

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में वेंकटेश अय्यर ने टीम इंडिया की तरफ से टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया। वेंकटेश अय्यर ने आईपीएल 2021 के यूएई लेग में धमाकेदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने केकेआर की तरफ से बतौर ओपनर बल्ले से खूब रन बनाए। इसके अलावा अय्यर ने अपनी गेंदबाजी से भी प्रभावित किया था। इस सीरीज में टीम इंडिया ने विराट कोहली समेत कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया है। रोहित शर्मा को टी-20 टीम की कप्तानी सौंपी गई हैं।वहीं राहुल द्रविड़ को टीम इंडिया का नया हेड कोच बनाया गया है। अय्यर ने आईपीएल-2021 में कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलते हुए 10 मैचों में 41.11 की औसत से 370 रन बनाए थे जिसमें चार फिफ्टी शामिल है।

# मोहम्मद सिराज को बॉलिंग के दौरान लगी चोट, हाथों पर पट्टी बांधकर पूरा किया ओवर

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे टी-20 मैच में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज बॉलिंग करते समय चोटिल हो गए। उनके हाथों से खून बह रहा था। इसके बावजूद उन्होंने हाथों में पट्टी बांधकर अपना ओवर पूरा किया। सिराज के इस हौसले की काफी तारीफ हो रही है। ये घटना कीवी टीम की बैटिंग के दौरान आखिरी ओवर की है। बीसवें ओवर की दूसरी गेंद पर मिचेल सैंटनर का शॉट सीधे सिराज के हाथों में लगा। इसके बाद सिराज दर्द से कराहते नजर आए। इसके बाद मेडिकल टीम मैदान पर आई। इस दौरान सिराज के हाथों से खून बहता नजर आया। ट्रीटमेंट लेने के बाद सिराज ने हाथों में पट्टी बांधकर फिर से गेंद थाम ली। उन्होंने आखिरी ओवर की पांचवी




गेंद पर रचिन रवींद्र को बोल्ड किया। हालांकि सिराज इस मैच में खासे महंगे साबित हुए। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवरों में 39 रन खर्च किए। इसके बावजूद चोटिल होने के बाद जिस तरह से उन्होंने अपना ओवर पूरा किया, उसने फैंस का दिल जीत लिया।मैच की बात करें तो न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 164 रन बनाए। कीवी टीम की तरफ से मार्टिन गप्टिल ने 70 और मार्क चैपमैन ने 63 रन बनाए। भारत की तरफ से भुवनेश्वर कुमार और रविचंद्रन अश्विन ने 2-2 विकेट लिए। खबर लिखे जाने तक 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने 14 ओवरों में 2 विकेट खोकर 115 रन बना लिए हैं।

# स्वर्णजयंती एक्सप्रेस से कटकर भदोही के तीन लोगों की मौत

## रेलवे लाइन पार करते समय प्लेटफार्म नंबर एक पर हुआ हादसा, वैवाहिक समारोह में शामिल होने नागपुर से आ रहा था परिवार

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** मिजार्पुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म बदलते समय तीन लोग स्वर्णजयंती एक्सप्रेस की चपेट में आकर काल कवलित हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही जीआरपी व आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और शवों को वहां से हटवाकर चीरघर भेजवाया। जिसमें दो लोग नागपुर से आ रहे थे और एक औराई कोतवाली क्षेत्र के पुरूषोत्तमपुर गांव निवासी उनको मिजार्पुर लेने गया वाहन चालक शामिल है। दो लोग भदोही जनपद के उगापुर समधाखास के रहने वाले थे और एक रिश्तेदार के वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए नागपुर से यहां आ रहे थे।

जानकारी के मुताबिक भदोही के माधोपुर निवासी राजेश गुप्ता (50), दुर्गा देवी (48) नागपुर में रहते थे। दोनों एक रिश्तेदार के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मिजार्पुर आ रहे थे। बताया जाता है कि दोनों को 21 नवंबर को आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल होना था। मिजार्पुर रेलवे स्टेशन पर पाटलीपुत्र एक्सप्रेस से उतरने के बाद उनको लेने गया वाहन चालक बबलू दोनों लोगों के साथ प्लेटफार्म बदलकर एक की ओर जा रहे थे। जैसे ही तीनों सामान सहित प्लेटफार्म संख्या एक के रेलवे ट्रैक पर पहुंचे, उसी दौरान स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस वहां से गुजरी और तीनों उसी की चपेट में आकर काल कवलित हो गए। हादसे की खबर लगते पहुंची जीआरपी और आरपीएफ ने शव को रेलवे लाइन से हटवाकर पोस्टमार्टम को भेजवाया। घटना की खबर लगते ही स्वजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। शिनाख्त के बाद इस दर्दनाक हादसे की सूचना उनके घर पहुंची, तो कोहराम मच गया। भदोही से परिजन मिजार्पुर के लिए रवाना हो गए हैं।

## 21 और 27 नवंबर को लगेगा विशेष शिविर

**भदोही।** जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि विधानसभा मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 21 नवंबार (रविवार), 27 नवंबार (शनिवार) को विशेष अभियान चलाया जाएगा। उक्त विशेष अभियान तिथि में जहां आप द्वारा अपना मतदान किया जाता है।

# दो बाइक की सीधी टक्कर पिता की मौत पुत्र घायल

## बेटे की तहरीर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के झिलिया पुल के पास हाइवे पर दो बाइक की सीधी टक्कर हो जाने से एक बाइक पर सवार पिता 58 वर्षीय रामजी बिंद की जहां मौत हो गई। वही पुत्र इंद्रेश गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

कोइरौना थाना क्षेत्र के सूर्यभानपुर निवासी रामजी अपने पुत्र इंद्रेश के साथ बाइक से बसंतापुर महराजगंज गए थे। रात में वापस जब घर लौट रहे थे इस दौरान रास्ते में गोपपुर के समीप हाइवे पर सामने से तेज गति से आ रहा दूसरे बाइक सवार से टक्कर हो गई। घटना में दोनों गंभीर रुप घायल हो गये। कुछ समय तक सड़क पर घायल अवस्था में सड़क पर पड़े पिता राम जी को घायल पुत्र के सहयोग से एक दूसरे बाइक सवार ने अस्पताल पहुंचाया। जहां पिता को मृत घोषित कर दिया गया। घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना कि जानकारी पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक राम जी के दूसरे पुत्र धीरज बिंद की तहरीर पर अज्ञात वाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि मृतक जगीगंज बाजार में आलू की बीज खरीद कर महराजगंज रिश्तेदारी में गया था। जहां से वापस लौटते समय घटना में मौत हो गई।

# स्व.डा.अशोक कुमार पाल के परिजनों को मिले 50 लाख की मदद

## पूर्व विधायक जाहिद बेग ने सीएम के नाम मांग से संबंधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक जाहिद बेग बुधवार को सरपतहां स्थित जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी से मुलाकात की। जहां पर उन्होंने स्व.डा.अशोक कुमार पाल के परिजनों को 50 लाख रुपए का आर्थिक मदद दिए जाने के बाबत मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

इस दौरान पूर्व विधायक श्री बेग ने कहा कि डा.अशोक कुमार पाल एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्र थे। वे महाराष्ट्र में एक मेडिकल कालेज में पढ़ रहे थे। 10 नवंबर को कालेज कैंपस में ही उनकी हत्या कर दी गई। इस हत्या से सभी दुखी हैं। उन्होंने कहा कि डा.अशोक कुमार पाल भदोही जिले के सुरियावां क्षेत्र के भिखारी रामपुर गांव के निवासी थे। उनके पिता सुरेंद्र पाल का लगभग 20 वर्ष पहले ही निधन हो गया था। गरीबी के बावजूद भी उनकी माता उर्मिला देवी किसी तरह लोगों के सहयोग से अपने पुत्र को मेडिकल की पढ़ाई बढ़ा रही थी। स्व.डा.अशोक कुमार पाल को एक छोटी बहन और दो छोटे भाई है। डा.अशोक कुमार पाल से परिवार के लोग को काफी आशाएं थीं। उनकी हत्या से परिवार के सभी सदस्य टूट से गए। उनके सपने भी अब टूटकर बिखर गई है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से कम से कम 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता परिजनों को प्रदान करने के लिए मांग की। इस



मौके पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष काशीनाथ पाल, राजू पाल व कृपाशंकर बिंद आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम के निरीक्षण में चार ब्लाक कर्मी मिले अनुपस्थित

**सुरियावां।** उप जिला अधिकारी रजनीश पांडेय बुधवार को खंड विकास कार्यालय सुरियावां का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चार कर्मी अनुपस्थित पाए गए। उप जिलाधिकारी लगभग 10 बजे खंड विकास कार्यालय में धमक पड़े। पहुंचते ही उपस्थित पंजिका रजिस्टर का अवलोकन किया। जिसमें कंप्यूटर ऑपरेटर रंजीत कुमार एवं राजकुमार तथा टीए राम सजीवन व धनेश कुमार गैर हाजिर पाए गए। ब्लॉक के निरीक्षण के बाद वे छनौरा धान क्रय केंद्र पहुंचे। वहां बाट,माप तौल करके निरीक्षण किया।

# नवागत प्रभारी निरीक्षक गगन सिंह ने संभाला पदभार

अखंड भारत संदेश



**भदोही।** कोतवाली भदोही के नवागत प्रभारी निरीक्षक गगन सिंह ने बुधवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। यहां पर प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात रहे अंजनी कुमार राय को विवेचना में लापरवाही बरतने व सरकारी तौर पर विवेचना का निस्तारण न करने के आरोप में पुलिस अधीक्षक द्वारा उनको निलंबित कर दिया गया है।इस दौरान भदोही कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक का पदभार संभालने के बाद गगन सिंह ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखना मेरी प्राथमिकता में होगी। अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा। खनन माफियाओं के विरुद्ध नकेल कसी जाएगी। अवैध रुप से शराब व गांजा की बिक्री नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे अपराधियों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि असहाय व मजलूम फरियादी बगैर किसी झिझक के कोतवाली में आए और अपनी फरियाद को सुनाएं। प्राथमिकता के आधार पर उनकी शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। फरियादी बगैर किसी डर और भय के कोतवाली में आ सकते हैं। सभी के साथ पुलिस न्याय करेगी और किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

# मतदाता सूचीः खराब बूथों पर दें विशेष ध्यान

## जिलाधिकारी ने बीएलओ और सुपरवाइज के साथ की बैठक, महिलाओं और युवा मतदाताओं को सूची से जोडने का निर्देश

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सुपरवाइजरों और बीएलओ के साथ बैठक की और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की बूथवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले युवाओं का नाम सूची में जोड़ा जाए। पुरुषों के साथ ही महिला मतदाताओं का नाम प्राथमिकता से जोड़ा जाए, ताकि महिला मतदाताओं का वोट प्रतिशत बढ़ाया जा सके।

जिलाधिकारी ने जेंडर रेशियो कम पाने पर निर्देश दिया कि ऐसे गांव में विशेष ध्यान दिया जाए, जहां की महिलाएं अपने अधिकार के प्रति जागरुक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ



डोर-टू-डोर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें। वोटर हेल्पलाइन के बारे लोगों को बताएं। गरुण एप का प्रयोग किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोग स्वयं इस एप के माध्यम से अपना आवेदन मतदाता बनने के लिए कर सकते हैं। उन्होंने खराब प्रगति वाले बीएलओ पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को पुरस्कृत किया जाएगा। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं महिलाओं का नाम जोडने पर विशेष जोर दिया जाए। किसी का नाम काटने से पहले आयोग के द्वारा दिए गए निदेर्शों का पालन किया जाए। सभी सुपरवाइजर खराब बूथों पर अवश्य जाएं और कमियों को दूर कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह, कुमुद श्रीवास्तव, संबंधित सुपरवाइजर और बीएलओ उपस्थित रहे।

# वीरांगना शहीद ऊदा देवी को दी गई पुष्पांजलि

## सपा नेत्री अंजनी सरोज ने गरीबों, दिव्यांगों के बीच बांटा कंबल

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर।** वीरांगना ऊदा देवी पासी के शहीद दिवस पर औराई विधानसभा के कोइलरा गांव में सपा नेत्री अंजनी सरोज ने ऊदा देवी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया है। उन्होंने ऊदा देवी के शहादत दिवस पर गरीबों व दिव्यांगों के बीच गर्म कपड़े व कंबल का भी वितरण किया। भाजपा को छोडकर सपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले मायाशंकर पासी ने सपा नेत्री अंजनी सरोज को तलवार भेंट की और स्वागत किया।

सपा नेत्री अंजनी सरोज ने कहा की वीरांगना ऊदा देवी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व एक साहसी महिला थीं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके चरित्र से जोर-जुल्म के खिलाफ लडने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने ऊदा देवी साहस और वीरता की कहानी भी सुनाई। इस दौरान सभी ने जुल्म के खिळाफ आवाज उठाकर संघर्ष करने का संकल्प भी लिया। इस मौकेपर दीनानाथ पासी, राजकुमार पासी, संदीप सरोज, आशीष सरोज, आलोक सरोज, अश्वनी कुमार, मुकेश भाई, अनीश बिंद, जय सिंह पवन, अरविंद सरोज, सुभाष यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### चित्रकूट में प्रियंका का शक्ति संवाद, बोलीं-

# सुनो द्रोपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद न आएंगे

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी बुधवार को चित्रकूट पहुंची। उन्होंने पहले मत्स्य गजेन्द्रनाथ मंदिर में जलाभिषेक कर उतारी आरती फिर मंदाकिनी की जलधारा में बने मंच से महिलाओं से संवाद किया। इस संवाद में प्रियंका ने लड़की हूं, लड़ सकती हूं नारे के साथ बातचीत की शुरूआत की। प्रियंका ने कहा कि यूपी की हालत बहुत खराब है। खाद की लाइन में खड़े-खड़े कई लोगों ने जान गंवा दी।



कोरोना काल में भाजपा सरकार फेल रही। महिलाओं का आह्वान करते हुए प्रियंका ने कहा- बहुत हुआ इंतजार अब, सुनो द्रौपदी शस्त्र उठा लो अब गोविंद ना आएंगे। औरों से कब तक आस लगाओगी...। उन्होंने कहा कि महिलाएं खुद अपनी लड़ाई लड़ें। महिलाओं को पार्टी के 40 प्रतिशत टिकट देने के ऐलान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अभी मैंने 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देने को कहा है।

लोकसभा चुनाव में हम आबादी के बराबर 50 फीसदी टिकट महिलाओं को देंगे। प्रियंका ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपी में महिलाओं को कुछ नहीं मिला। कोरोना में जब प्रवासी बाहर से आ रहे थे तब यह सरकार बसें नहीं दे पाई। अब मोदी जी के कार्यक्रम के लिए हजारों बसें मिल गई हैं। उज्जवला योजना में एक बार सिलेंडर दिया। दोबारा आप महंगाई की वजह से भरवा नहीं पा रही हैं। खीरी में किसानों को कुचलने वाले के पिता मंत्री को प्रधानमंत्री के मंच पर जगह मिलती है। यह सरकार आपकी शक्ति नहीं पहचानती है। महिलाएं विधायक बन कर जाएंगी तभी उनके लिए नीतियां बनेगी।

## तमिलनाडु में कुंवारे रह गए 40,000 ब्राह्मण, अब यूपी और बिहार में दुल्हनों की तलाश

**चेन्नई।** तमिलनाडु में 40,000 से अधिक ब्राह्मण युवाओं के लिए राज्य के भीतर दुल्हन ढूंढना मुश्किल हो रहा है। अब तमिलनाडु स्थित ब्राह्मण संघ ने उत्तर प्रदेश और बिहार में एक ही समुदाय से संबंधित उपयुक्त मैचों की तलाश के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। तमिलनाडु ब्राह्मण एसोसिएशन (थम्ब्रास) के अध्यक्ष एन नारायणन ने एसोसिएशन की मासिक तमिल पत्रिका के नवंबर अंक में प्रकाशित एक खुले पत्र में कहा, ₹हमने अपने संगम की ओर से एक विशेष आंदोलन शुरू किया है। नारायणन ने कहा कि 30-40 आयु वर्ग के लगभग 40,000 से अधिक तमिल ब्राह्मण पुरुष शादी नहीं कर सके क्योंकि वे तमिलनाडु के भीतर वे अपने लिए दुल्हन नहीं ढूंढ पा रहे हैं। बॉलपार्क का आंकड़ा देते हुए उन्होंने कहा, ₹अगर विवाह योग्य आयु वर्ग में 10 ब्राह्मण लड़के हैं, तो तमिलनाडु में विवाह योग्य आयु वर्ग में केवल छह लड़कियां उपलब्ध हैं। एसोसिएशन प्रमुख ने अपने पत्र में कहा कि इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली, लखनऊ और पटना में समन्वयकों की नियुक्ति की जाएगी।

# रानी लक्ष्मीबाई से राष्ट्र रक्षा की मिलती है प्रेरणा : राजनाथ सिंह

**झांसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व का बुधवार को यहां औपचारिक उद्घाटन किया। रानी लक्ष्मीबाई की 19 नवंबर को जयंती के मौके पर इस साल केन्द्र सरकार और यूपी सरकार द्वारा मिलकर झांसी जलसा नाम से भव्य आयोजन किया गया है। रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 नवंबर को डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर परियोजना का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व, देश की रक्षा के प्रति हमारे संकल्प के साथ-साथ शौर्य, पराक्रम और बलिदान की भारतीय परम्परा का उत्सव है। उन्होंने कहा, झांसी की इस वीर भूमि पर आयोजित यह राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व देश की रक्षा के प्रति हमारे संकल्प और समर्पण के साथ-साथ भारतवासियों के शौर्य, पराक्रम, त्याग और बलिदान की अद्भुत परंपरा का उत्सव है।



उन्होंने इसके आयोजन में यूपी सरकार के सहयोग की सराहना करते हुये योगी सरकार का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर योगी ने स्वाधीनता संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई के पराक्रम को याद करते हुये कहा कि झांसी की जब चर्चा होती है तो भारत के शौर्य, पराक्रम, वीर और वीरांगनाओं की धरती के रूप में झांसी की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई से राष्ट्र रक्षा की प्रेरणा मिलती है। योगी ने कहा, राष्ट्र रक्षा हम सबका मूल धर्म है। राष्ट्र धर्म ही हमारा धर्म है। इस धर्म का पालन करके ही हम न केवल वर्तमान को बल्कि आने वाले भवष्यि को भी सुरक्षित रख सकते हैं।



## वीर दास पर भी कांग्रेस में मतभेद, सिब्बल और थरूर ने बताया सही तो भड़के सिंघवी

**नई दिल्ली।** अपनी एक कविता के चलते भारत के अपमान का आरोप झेल रहे कॉमेडियन वीर दास पर भी कांग्रेस बंटी हुई नजर आ रही है। एक तरफ कांग्रेस नेता शशि थरूर और कपिल सिब्बल ने वीर दास का बचाव किया है तो वहीं सीनियर नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने उनकी हरकत को भारत का अपमान करने वाला बताया है। वीर दास ने अपनी एक कविता में कहा था कि भारत का दोहरा चत्रित्र है। मैं एक ऐसे देश से आता हूं, जहां दिन में औरतों की पूजा की जा ती है और रात में उनसे गैंगरेप किया जाता है। वीर दास की इस टिप्पणी को लेकर उठे बवाल के बीच कपिल सिब्बल ने ट्वीट किया, इस बात में कोई संदेह नहीं है कि यहां दो भारत हैं। लेकिन हम यह नहीं चाहते कि भारतीय के तौर पर इसे दुनिया को बताएं। हम असहिष्णु और पाखंडी हैं।

इससे पहले मंगलवार की रात को ही शशि थरूर ने वीर दास का समर्थन किया था। उन्होंने लिखा था कि वीर दास सही मायनों में स्टैंडअप कॉमेडियन हैं। शशि थरूर ने लिखा था कि वीर दास जानते हैं कि स्टैंडअप का अर्थ सिर्फ फिजिकल तौर पर खड़ा होना नहीं है बल्कि मोरल तौर पर भी खड़े होने से है। थरूर ने कहा कि वीर दास ने 6 मिनट की अपनी कविता में लाखों लोगों की बात कही है। थरूर ने उस शख्स को टैग करते हुए यह बात लिखी थी, जिसने कहा था कि उसने वीर दास के खिलाफ मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शशि थरूर ने लिखा कि हम जानते हैं कि यह भारत कहां से आता है। हालांकि सिब्बल और थरूर के उलट अभिषेक मनु सिंघवी ने वीर दास का तीखा विरोध किया है। उन्होंने लिखा कि कुछ लोगों की बुराई को सबके के साथ जोड़ना और दुनिया के आगे भारत को बदनाम करना अच्छी बात नहीं है। राज्य सभा सांसद ने कहा कि पश्चिमी दुनिया के सामने भारत को सपेरों और लुटेरों का देश घोषित करने वाले लोगों की आज भी कमी नहीं है। फिलहाल अमेरिका में मौजूद वीर दास ने सोमवार को एक वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किया था। 6 मिनट के इस वीडियो में वीर दास ने टू इंडियाज शीर्षक से एक कविता पढ़ी थी। यह कविता वीर दास ने अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित जॉन एफ. केनेडी सेंटर में पढ़ी थी।

## बिहारः राजद पमुख लालू प्रसाद यादव की फिर बढ़ी मुश्किलें, कसा कोर्ट का शिकंजा

**पटना।** काफी दिनों से बीमार चल रहे राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। पटना सिविल कोर्ट में आगामी 23 नवम्बर को उन्हें सदेह हाजिर होना पड़ेगा। मामला चारा घोटाले का है। मामले की सुनवाई कर रहे सीबीआई की



विशेष अदालत के न्यायाधीश प्रजेश कुमार ने यह आदेश दिया है जिससे लालू प्रसाद दिल्ली से फिर पटना आने के लिए बाध्य हो सकते हैं। स्पेशल जज प्रजेश कुमार की अदालत ने 23 नवंबर को राजद प्रमुख एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के साथ साथ 27 अन्य आरोपियों को अदालत में सदेह हाजिर होने का आदेश जारी कर दिया है। अदालत ने पहले सभी अभियुक्तों को मामले में उचित पैरवी करने का निर्देश दिया था। इसके तहत मंगलवार को आरके राणा, जगदीश शर्मा, ध्रुव भगत, बैग जूलियस, त्रिपुरारी मोहन प्रसाद, फैडरिक करकेटा समेत 16 आरोपित न्यायालय में सदेह उपस्थित हुए थे। लेकिन, लालू प्रसाद यादव, नागेंद्र पाठक और प्रकाश कुमार के अधिवक्ता ने उनकी ओर से न्यायालय में उपस्थिति दर्ज कराई। यह मामला भागलपुर के बांका जिला के उपकोषागार से फर्जी देकर 46 लाख रुपये की अवैध निकासी से संबंधित है।।जद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव इन दिनों दिल्ली में अपनी बेटी मीसा भारती के सरकारी आवास में रह रहे हैं। मीसा भारती व राज्यसभा सदस्य भी हैं। लालू वहां चिकित्सकों की देखरेख में हैं क्योंकि वे बीमार हैं। फिछले दिनों उनके सिंगापुर जाकर इलाज कराने की खबरें भी आई थी। करीब साढ़े तीन साल बाद लालू प्रसाद यादव पहली बार पटना पहुंचे थे।

### बीजेपी ने अखिलेश यादव से चुकाया बदला

# एक विधायक के बदले सपा के चार एमएलसी तोड़े

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दलों के बीच एक-दूसरे के संगठन में सेंध लगाने, विधायकों को तोड़कर पार्टी ज्वाइन कराने का सिलसिला तेज हो गया है। इस बीच भाजपा ने बुधवार को समाजवादी पार्टी के चार एमएलसी नरेन्द्र भाटी, सीपी चंद्र, रविशंकर सिंह और रमा निरंजन को पार्टी ज्वाइन कराकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से हिसाब बराबर कर लिया है। गौरतलब है कि बीते 30 अक्टूबर को ही अखिलेश यादव ने बीएसपी के छह बागी विधायकों के साथ सीतापुर भाजपा विधायक राकेश राठौर को भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई थी। आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और डा. दिनेश शर्मा रहे मौजूदगी में सपा नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



यूपी चुनाव के ठीक पहले चार एमएलसी के यूं पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो जाने को अखिलेश यादव के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। खासकर नरेन्द्र सिंह भाटी के पार्टी छोड़ने को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की गुर्जर राजनीति में नए समीकरण बनने की उम्मीद जताई जा रही है। नरेन्द्र सिंह, सपा के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के करीबी रहे हैं। दादरी तहसील के बोड़ाकी गांव के रहने वाले किसान प्रेम सिंह के पुत्र नरेंद्र सिंह भाटी ने बैनामा लेखक के रूप में करियर शुरू किया था। पांच साल तक उन्होंने दादरी तहसील में बैनामा लेखक के रूप में काम भी किया। 1975 में उन्होंने युवा कांग्रेस सदस्य के रूप में राजनीतिक करियर की शुरूआत की। 1980 में ब्लॉक प्रमुख चुने गए और दो बार ब्लाक प्रमुख बने। इसके बाद उन्होंने विधानसभा की राजनीति में कदम रखा और 1989 और 1991 में वह जनता दल के टिकट पर यहां से चुनाव जीतकर विधायक बनें और इसके बाद उन्होंने सपा की सदस्यता ग्रहण कर ली तथा वर्ष 1996 में वह सपा के टिकट पर सिकंदराबाद से विधायक चुने गये। इसके बाद से वह विधानसभा या लोकसभा चुनाव नहीं जीत सके। 7 मार्च 2016 को समाजवादी पार्टी ने उन्हें एमएलसी बनाया। इस दौरान वह यूपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष भी रहे। अनेक बार हारने के बावजूद मुलायम सिंह यादव ने उनका साथ नहीं छोड़ा था और सिकंदराबाद में आयोजित एक सभा में भीड़ से यहां तक कह दिया दिया था कि आप इसे हराते रहो, मैं टिकट देता रहूंगा। अब लंबे समय बाद नरेंद्र भाटी सपा का साथ छोड़ने जा रहे हैं। सम्राट मिहिर भोज प्रतिमा के विवाद के चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इन दिनों गुर्जर राजनीति गरमाई हुई है।

## मॉर्निंग वॉकर्स के लिए बुरी खबर, वढके इस शहर में सुबह 7 बजे की हवा सबसे अधिक प्रदूषित

**गोरखपुर।** सुबह की सैर आपकी सेहत बिगाड़ सकती है। गोरखपुर की हवा चिंताजनक स्थिति में पहुंच चुकी है। हवा में सर्वाधिक प्रदूषण सुबह और रात के समय है। ऐसे में अब मास्क सिर्फ कोरोना से नहीं, बल्कि प्रदूषण से बचाव के लिए भी बेहद जरूरी है।



शहर की आबोहवा इस कदर प्रदूषित है कि इससे एलर्जी व अस्थमा पीड़ित लोगों के साथ-साथ सामान्य लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ पर्यावरणविद डॉ. सिराज वजीह बताते हैं कि आर्द्रता बढ़ने और तापमान में कमी होने पर प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है जबकि दोपहर के समय तापमान अधिक होने पर स्तर कम हो जाता है। वहीं विन्ध्यवासिनी पार्क मे नियमित व्यायाम करने के लिए जाने वाले वरिष्ठ नागरिक डॉ. आरके गुप्ता बताते हैं, सुबह के समय कभी-कभी सांस लेने में थोड़ी दिक्कत होती है। इसकी वजह प्रदूषण है। टहलने के बाद घर पर जब टिश्यू पेपर से चेहरे को साफ करते हैं तो पेपर काला हो जाता है।

शहर के वरिष्ठ चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. बीएन अग्रवाल ने बताया कि एलर्जी या अस्थमा की दिक्कत है तो इस हवा में टहलने से सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। स्ट्रोक पड़ सकता है। अधिक उम्र वाले लोगों, सांस के रोगियों कापी परेशानी हो सकती है। ऐसे में कोशिश करें घर के अंदर ही व्यायाम करें। बाहर निकलने से बचें।

वायु प्रदूषण के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) 2.5 और पीएम-10 को माना जाता है लेकिन अब तक एक महत्वपूर्ण और बेहद खतरनाक कण को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिसे पीएम-1 कहा जाता है। पीएम 2.5 इंसान के बाल की मोटाई की तुलना में लगभग 30 गुना महीन है जबकि पीएम 1 इंसान के बाल की तुलना में 70 गुना अधिक पतला है।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025

# दिल्ली डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने गंगोत्री से फूंका चुनावी बिगुल, कहा-जो दिल्ली में किया, उत्तराखंड में भी करके दिखाएंगे

**उत्तरकाशी।** सीमांत जनपद उत्तरकाशी के दौरे पर पहुंचे दिल्ली के उप मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि आने वाले समय में उत्तराखंड बड़े सियासी परिवर्तन की ओर बढ़ने जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने गंगोत्री से पवित्र गंगाजल की तरह स्वच्छ राजनीति के सफर की शुरूआत कर दी है। कर्नल अजय कोठियाल गंगोत्री से पार्टी के सिंबल पर चुनाव लडेंगे जो पार्टी के सीएम उम्मीदवार भी हैं। दिल्ली की तर्ज पर उत्तराखंड में भी पार्टी बुनियादी मुद्दों का आधार केंद्र बिंदु बनाकर 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ेगी। कहा कि



हमारी सरकार आई तो दिल्ली की तरह उत्तराखंड के सरकारी स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का काम करेंगे। जो दिल्ली में किया है, वो यहां भी करके दिखाएंगे। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बुधवार को उत्तरकाशी के रामलीला मैदान में आम आदमी पार्टी की ओर से कर्नल अजय कोठियाल के पक्ष में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को मजबूत विकल्प मिल गया है। यह पहली पार्टी है जिसने ऑफिशियल रूप से अपना कैंडिडेट घोषित किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तर्ज पर उत्तराखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और सड़कों को बेहतर बनाने का कार्य करेंगे। युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार बनायेंगे। कहा कि जब दिल्ली में हो सकता है, तो उत्तराखंड में क्यों नहीं हो सकता। कहा कि पहाड़ी राज्य को चट्टान जैसा मजबूत शख्सियत वाले ईमानदार और कर्मठ कर्नल अजय कोठियाल के नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने प्रदेश की जनता को दिल्ली की तरह फ्री बिजली देने का वादा भी किया।

बुधवार को उत्तरकाशी के रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा व कांग्रेस पर जमकर तंज कसा। कहा कि उत्तराखंड राज्य को बने हुए आज 21 साल हो गए हैं। लेकिन भाजपा और कांग्रेस सरकार पर जो लोगों का विश्वास था उस पर कोई भी पार्टी खरी नहीं उतर पाई।

## धार्मिक स्वतंत्रता को कुचल रहे चीन-पाकिस्तान, वर ने जताई चिंता, कहा-इनसे मुकाबले के लिए हम तैयार

**नईदिल्ली।** धार्मिक स्वतंत्रता को कुचलने वाले चीन और पाकिस्तान को अमेरिका ने साफ लहजे में चेतावनी दे दी है। अमेरिका ने कहा है कि वो धार्मिक आजादी को कुचलने वाले चीन और पाकिस्तान समेत ऐसे 10 देशों से मुकाबले के लिए तैयार है। दरअसल यूनाइटेड स्टेट ने चीन-पाकिस्तान समेत 10 देशों को उस श्रेणी में रखा है जो धार्मिक आजादी को कुचलने का काम करते हैं। यूएस ने इन देशों के इस कृत्य को लेकर चिंता भी जताई है। एक बयान में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिन्कन ने कहा कि बाइडेन प्रशासन किसी भी धर्म की आजादी की रक्षा को लेकर सहयोग करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। फिर चाहे इस मानव अधिकार का उल्लंघन करने वालों से मुकाबले ही क्यों ना करना पड़े। यूएस के विदेश मंत्री ने कहा, 'मैं बर्मा, चीन, इरान, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया, इरित्रिया, रूस, सऊदी अरब, तजाकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान को लेकर चिंतित हूं क्योंकि यह देश धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन में शामिल हैं।

# भारतीय और इजरायली आते हैं साथ तो होता है कमाल, उम्मीद है जल्द जाऊंगा भारतः नफ्ताली बेनेट

**नई दिल्ली।** इजरायली पीएम नफ्ताली बेनेट ने कहा है कि जबी भारत और इजरायल एक साथ आते हैं तो कमाल की चीजें होती हैं।

उन्होंने जल्द ही भारत दौरे पार आने की उम्मीद जताई है। नफ्ताली ने कहा है कि कुछ दिनों पहले मैंने अपने दोस्त पीएम नरेंद्र मोदी से मिला और हमने कई चीजों पर चर्चा की कि हम इजरायल-भारत संबंधों को अगले स्तर पर कैसे ले जा सकते हैं। हम तकनीक के क्षेत्र में सहयोग कर अपनी खास पार्टनरशिप को इनोवेशन के



पॉवरहाउस में बदल सकते हैं। बेंगलुरु टेक समिट के अपने वीडियो मेसेज में उन्होंने कहा है कि टेक्नोलॉजी में न सिर्फ जीवन में मदद करने की क्षमता है बल्कि जीवन बचाने की क्षमता है। अगर अगर दोनों देश मिलकर काम करें और दिमाग लगाएं तो अनंत अवसर है। उन्होंने आगे कहा है कि अद्भुत लोग अद्भुत चीजें कर सकते हैं। भारत दुनिया के सबसे बड़े देशों में से एक है। सबसे बड़ी इकॉनमी में से एक है और डिजिटल क्षेत्र में भी अग्रणी है। इजरायल दुनिया के टॉप इनोवेटर देशों में से है। भारत और इजरायल जब एक साथ आते हैं तो कमाल की चीजें होती हैं। हाल ही में उडढ26 जलवायु शिखर सम्मेलन में नफ्ताली बेनेट और पीएम मोदी मिले थे जहां उन्होंने मोदी से कहा था कि आप इजरायल में बहुत लोकप्रिय हैं, आप मेरी पार्टी जॉइन कर लीजिए। इस मुलाकात का एक वीडियो भी सामने आया था जो वायरल हो गया था।